दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 304 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर | रविवार, 07 सितंबर 2025 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष पूर्णिमा संवत् - 2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## न्यूज ब्रीफ

### तकनीकी खराबी के कारण इंडिगो विमान कोच्चि लौटा

बढ़ता राजस्थान

**कोच्चि (एजेंसी)।** अबू धाबी के लिए रवाना हुआ इंडिगो का एक विमान दो घंटे से अधिक समय तक उड़ान भरने के बाद तकनीकी खराबी के कारण शुक्रवार देर रात कोच्चि लौट आया। सूत्रों ने बताया कि विमान में 180 से अधिक यात्री और चालक दल के छह सदस्य सवार थे। सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उड़ान 6ई-1403 शुक्रवार रात 11 बजकर 10 मिनट पर कोच्चि से रवाना हुई और तकनीकी खराबी के कारण रात लगभग 1:44 बजे लौट आई। बाद में शुक्रवार रात्रि में साढ़े तीन बजे यात्रियों को एक अन्य विमान से अबू धाबी ले जाया गया।

### धार्मिक अनुष्ठान से एक करोड़ का कलश चोरी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के लाल किला परिसर में आयोजित किए जा रहे जैन समाज के धार्मिक अनुष्ठान के दौरान करीब एक करोड़ रुपए मूल्य का एक कलश चोरी हो गया। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि 760 ग्राम सोने से निर्मित इस कलश में हीरे, माणिक और पन्ना सहित करीब 150 ग्राम बहुमूल्य रत्न जड़े हुए थे। यह कलश तीन सितंबर को अनुष्ठान के दौरान चोरी हो गया। सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधियां कैद हुई हैं। पुलिस ने बताया कि उसकी पहचान कर ली गई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा। यह धार्मिक अनुष्ठान नौ सितंबर तक आयोजित किया जाएगा।

उपराष्ट्रपति चुनाव

### सांसद रशीद को मतदान की अनुमति

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के बारामूला से लोकसभा सदस्य इंजीनियर रशीद को नौ सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव में मतदान करने की अनुमति दे दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत ने रशीद की वोट देने की अनुमति संबंधी याचिका स्वीकार कर ली। रशीद (58) को 2017 के आतंकी वित्तपोषण मामले में एनआईए ने गिरफ्तार किया था। वह 2019 से दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद हैं।

### हिमाचल में लैंडस्लाइड, मलबे की तरह बहा पहाड़

**नई दिल्ली।** हिमाचल में शनिवार को हल्की बारिश हुई। जिससे बांध और नदियां डेंजर लेवल से नीचे बह रही हैं। प्रदेश में इस मानसून सीजन में बाढ़, बादल फटने और लैंडस्लाइड से 64 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 46 लोग लापता हैं। इसी बीच सरकारी सूत्रों से सूचना सामने आई है कि PM नरेंद्र मोदी 9 सितंबर को बाढ़ का जायजा लेने के लिए हिमाचल का दौरा कर सकते हैं। वे बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित चंबा और कुल्लू का हवाई सर्वेक्षण भी कर सकते हैं। हालांकि अभी प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) से फाइनल कार्यक्रम आना बाकी है। प्रदेश में अभी मौसम विभाग ने कल बारिश का कोई अलर्ट जारी नहीं किया है। 3 दिन से मौसम साफ होने की वजह से नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे बह रहा है।

राजस्थान में 8 जिलों में भारी बरसात की चेतावनी...

# जवाई बांध के गेट खोले, उदयपुर में 7.30 घंटे चट्टान पर फंसा रहा युवक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में भारी बारिश के चलते कई नदी-बांध-तालाब ओवरफ्लो हो चुके हैं। शनिवार को उदयपुर, पाली, जालोर, सिरोही, राजसमंद समेत कई जिलों में 2 से 5 इंच तक पानी बरसा। उदयपुर में शहर के बीच बहने वाली आयड़ नदी के पानी के बीच लोग फंस गए। कॉलोनी डूब गई, लोग छतों पर पहुंच गए। उदयपुर में एकलिंगपुरा ब्रिज के नीचे से गुजर रही 30 से ज्यादा कॉलेज स्टूडेंट से भरी बस फंस गई। उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा और ग्रामीणों ने बस को धक्का देकर पानी से निकाला। राजसमंद के रिछेड़ क्षेत्र में तेज बारिश से नेशनल हाईवे-162 (राजसमंद-जोधपुर) का आधा हिस्सा बह गया। इससे हाईवे को बंद कर दिया। मौसम विभाग ने कल बाड़मेर, जालोर, सिरोही में बारिश का रेड अलर्ट और जैसलमेर, जोधपुर, पाली, राजसमंद, उदयपुर जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 11 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार 9 सितंबर से भारी बारिश का दौर थमने की संभावना है। कुछ इलाकों में स्थानीय स्तर पर हल्की बारिश हो सकती है।



### उदयपुर के गोगुंदा में 136MM बरसात

पिछले 24 घंटे के दौरान उदयपुर के गोगुंदा में 136MM, सायरा में 81MM, बड़गांव में 74MM, झाड़ोल में 56MM, भींडर में 58MM, वल्लभनगर में 65MM, कोटड़ा में 61MM, नया गांव में 45MM और गिर्वा, बारापाल में 47-47MM बरसात दर्ज हुई। वहीं बूंदी के हिंडौली में 53MM, जालोर के आहोर में 61MM, भाद्राजून में 52MM, जालोर शहर में 54MM, डूंगरपुर के बिच्छीवाड़ा में 60MM, डूंगरपुर शहर में 47MM बरसात हुई। इसके अलावा टोंक के देवली में 49MM, पाली के सुमेरपुर में 90MM, रानी में 88MM, देसूरी में 50MM, बाली में 43MM, भीलवाड़ा के सहाड़ा में 59MM, रायपुर में 41MM, बागोर में 44MM, राजसमंद के गिलुंड में 62MM, देलवाड़ा में 70MM, आमेट में 59MM, गढ़बोर में 82MM, कुंभलगढ़ में 49MM, कुंवारिया में 57MM, सवाई माधोपुर के खंडार में 57MM, सिरोही के पिंडवाड़ा में 105MM, शिवगंज में 71MM, देलदर में 62MM और चित्तौड़गढ़ के भोपालसागर में 50MM बरसात हुई।

### पश्चिमी और दक्षिण पश्चिमी जिलों में भारी बारिश के चेतावनी

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक मानसून ट्रफ वर्तमान में जैसलमेर, गुना, दमोह, पैंड्रा रोड, संबलपुर होते हुए बंगाल की खाड़ी तक गुजर रही है। एक अन्य ट्रफ जो पंजाब से शुरू होकर राजस्थान, गुजरात होते हुए अरब सागर तक जा रही है। इस सिस्टम के असर से राजस्थान में पश्चिमी और दक्षिण-पश्चिमी जिलों में भारी से अतिभारी बारिश देखने को मिल सकती है।



### पाली में जवाई बांध के गेट खोले

भारी बारिश से पाली का जवाई बांध पूरा भग गया है। प्रशासन ने पानी की निकासी के लिए शनिवार दोपहर में 4 गेट खोले। हालांकि थोड़ी देर बाद 5 गेट और खोल दिए गए। रात को दो गेट बंद कर दिए। अजमेर के बोराज में अंबा नाडी ओवरफ्लो होने से नाडी का पानी बोराज तालाब में आ रहा है। तालाब की पाल टूटी होने से वरुण सागर रोड स्थित स्वास्तिक नगर कॉलोनी के घरों में फिर से पानी भर गया। भीलवाड़ा में शनिवार सुबह तक बारिश होती रही। कई कॉलोनियों और घरों में 2 से 3 फीट तक पानी भर गया। मांडल क्षेत्र में एक मकान ढह गया। कोटा में बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई। बारां में बिजली गिरने से पेड़ के नीचे खड़े 5 लोग झुलस गए।

### सीकर में एनीकट टूटा, खेतों में भरा पानी

सीकर के नीमकाथाना के गणेश्वर गांव की सालावाली नदी पर स्थित एनीकट की कच्ची पाल शाम 6 बजे टूट गई। यह एनीकट दो साल पहले मनरेगा योजना के तहत बनाया गया था। पानी किसानों के खेतों में घुस गया।

# चुनाव आयोग पूरे देश में वोटर वेरिफिकेशन करेगा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** भारतीय चुनाव आयोग (ECI) पूरे देश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी SIR (सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) करने की तैयारी में है। इसको लेकर दिल्ली में 10 सितंबर को बैठक होगी। अधिकारियों के हवाले से बताया कि बैठक में सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (CEO) शामिल होंगे। इसमें देशभर में SIR कराने को लेकर रणनीति पर चर्चा होगी। यह मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के फरवरी में पद संभालने के बाद तीसरी बैठक होगी। चुनाव आयोग ने कहा है कि बिहार के बाद वोटर लिस्ट जांच की प्रक्रिया पूरे देश में लागू की जाएगी। साल के आखिरी में इसकी शुरुआत हो जाएगी। ताकि 2026 में असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव से




पहले वोटर लिस्ट को अपडेट किया जा सके।

### पैन-इंडिया SIR का मकसद

चुनाव आयोग के अनुसार, SIR का उद्देश्य मतदाता सूची को अपडेट करना और अवैध मतदाताओं, जैसे विदेशी नागरिकों, मृत व्यक्तियों या स्थानांतरित लोगों को हटाना है। इस बीच कई राज्यों में बांग्लादेश और म्यांमार से आए प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है।

अमेरिका से कृषि उत्पादों के आयात का मामला

# किसानों के हितों से समझौता नहीं

बढ़ता राजस्थान

**भोपाल।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि भारतीय किसानों के हितों की कीमत पर अमेरिका के साथ कृषि उत्पादों के आयात को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। चौहान ने यहां संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि किसानों के हितों की कीमत पर कोई समझौता नहीं होगा। उनके हितों की रक्षा की जाएगी। विपक्ष के इस आरोप पर कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुल्क लगाए जाने के कारण ही जीएसटी संरचना में बदलाव किए गए हैं, चौहान ने कहा कि भारत में होने वाले हर अच्छे काम के पीछे वे ट्रंप को देखते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया को दिखाया है कि उनके लिए देश का हित सर्वोपरि है और इस पर कोई समझौता नहीं होगा।

### 'आय के नए स्त्रोत बनाने के लक्ष्यों पर हम लगातार काम कर रहे हैं'

प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि वे जानते हैं कि व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी, लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं। मेरे देश के किसानों के लिए, मेरे देश के मछुआरों के लिए, मेरे देश के पशुपालकों के लिए भारत तैयार है। किसानों की आय बढ़ाने, खेती पर खर्च कम करना, आय के नए स्त्रोत बनाने के लक्ष्यों पर हम लगातार काम कर रहे हैं।





## न्यूज़ ब्रीफ

### कार में डोडा-पोस्त लेकर जा रहा तस्कर गिरफ्तार

**बढ़ता राजस्थान।** सिरोही (जितेश रावल)। पिण्डवाड़ा थाना पुलिस ने डोडा-पोस्त तस्करी करने के आरोप में एक जने को गिरफ्तार किया है। आरोपी कार में डोडा-पोस्त परिवहन कर रहा था। पुलिस के अनुसार पिण्डवाड़ा में ढांगा पुलिया पर नाकाबंदी के दौरान पुलिस को एक कार आती दिखी। गुजरात पासिंग इस कार को रूकवा कर तलाशी ली गई। इसमें भरे मिले 50.574 किलो डोडा-पोस्त को जब्त कर लिया गया। कार चालक खारूड़ी लोहारवा (धोरीमन्ना-बाड़मेर) निवासी अशोक पुत्र खेताराम जाट को गिरफ्तार कर लिया गया। बरामद माल की अनुमानित कीमत साढ़े सात लाख रुपए आंकी गई है।

### मुकीम खान राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के करौली जिला प्रभारी



**बढ़ता राजस्थान।** हिंडौन सिटी/करौली (अंशु गुप्ता)। हलैना क्षेत्र के गांव झालाटाला निवासी मुकीम खान को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग का करौली जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। मुकीम खान की नियुक्ति राजस्थान कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एमड़ी चोपदार द्वारा की गई है और उन्हें जिले में कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुँचाने, संगठन को मजबूत करने के लिए निर्देशित किया गया है।

### देश में हर वर्ग मोदी सरकार की नीतियों से नाराज़



**बढ़ता राजस्थान।** पावटा (सुशील कुमार बंसल)। कोटपूतली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ओपी बायला ने कहा है कि मोदी सरकार द्वारा वर्ष 2016 में लागू की गई जीएसटी ने देश के हर वर्ग पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। उनका कहना है कि गरीब, मजदूर, व्यापारी और अन्य तबकों को इससे सबसे अधिक नुकसान हुआ है, जिससे कई लोग रोजगार खोकर घर बैठने को मजबूर हो गए। बायला ने दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 2016 में ही चेतावनी दी थी कि केंद्र सरकार को जीएसटी वापस लेना पड़ेगा। अब स्थिति यह है कि सरकार पर दबाव बढने से दरों में कमी करनी पड़ी है।

### जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में बालिकाओं का जलवा

**बढ़ता राजस्थान।** उदयपुर (नि.स.)। राज्य सरकार की ओर से आयोजित जिला स्तरीय कुश्ती व बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं में बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन किया। पॉयनियर पब्लिक स्कूल, उदयपुर की कक्षा 9वीं की छात्रा दिव्यांशी कुंवर ने 61 किलो वर्ग कुश्ती में स्वर्ण पदक जीता। इसी स्कूल के कक्षा 11वीं के अक्षत शर्मा ने 60 किलो वर्ग में स्वर्ण, जबकि कृष्णा सुथार (53 किलो वर्ग) और इशांत प्रजापत (71 किलो वर्ग) ने रजत पदक हासिल किए। वहीं, जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं की दीक्षिता भीमावत ने 48 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता ने विजेताओं और कोच को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

# किसानों को मिला भरोसा, पारदर्शी गिरदावरी और सुरक्षा इंतज़ाम पर जोर

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर( अनिल सिखवाल)।** प्रभारी सचिव ब्यावर नथमल डिडेल ने जिला कलेक्टर कमल राम मीना के साथ दो दिवसीय दौरे में ब्यावर एवं टॉडगढ़ क्षेत्र के जलभराव प्रभावित इलाकों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों और ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएँ सुनीं और समाधान का भरोसा दिलाया।निरीक्षण में राजियावास एवं जवाजा तालाब पर चादर चलने की स्थिति, जलभराव से प्रभावित फसलें, जर्जर भवनों तथा टॉडगढ़ क्षेत्र के काना खेजड़ी, मलातो की बेर और दुधालेश्वर जैसे स्थलों की स्थिति का जायजा लिया गया।



प्रभारी सचिव नथमल डिडेल ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा सरकार हर परिस्थिति में किसानों के साथ खड़ी है। यदि आप समय पर अपनी खसरा गिरदावरी करवाते हैं, तो न केवल आपका रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा बल्कि राहत और योजनाओं का लाभ भी आपको शीघ्र मिलेगा।"उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जहाँ जर्जर भवनों या जलभराव से खतरे की स्थिति है, वहाँ तुरंत सुरक्षा और राहत व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही ग्रामीणों से अपील की कि वे प्रशासन के साथ मिलकर इस चुनौती से सामूहिक रूप से निपटें।उन्होंने विशेष रूप से यह भी कहा कि पंच गौरव में शामिल टॉडगढ़ को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाए, ताकि यहाँ की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर संरक्षित हो तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार और विकास के नए अवसर उत्पन्न हों इस मौके पर जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने कहा कि राजस्थान सरकार का लक्ष्य किसानों की भूमि अभिलेख व्यवस्था को आधुनिक, सटीक और पारदर्शी बनाना है। इससे किसानों को फसल बीमा, ऋण वितरण और अन्य योजनाओं का लाभ समय पर और बिना किसी बाधा के मिल सकेगा। उन्होंने जोड़ा कि हर किसान को उसकी भूमि से जुड़े दस्तावेज सही रूप में उपलब्ध कराना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है।निरीक्षण दौरे के दौरान उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह, तहसीलदार ब्यावर हनुत सिंह रावत, तहसीलदार टॉडगढ़ अशोक, बीडीओ जवाजा बलराम मीना सहित क्षेत्रीय पटवारी और गिरदावर मौजूद रहे यह दौरा किसानों के लिए राहत और उम्मीद की किरण लेकर आया, जहाँ उन्हें न केवल समस्याओं का समाधान करने का भरोसा मिला बल्कि विकास की नई संभावनाओं का आश्वासन भी प्राप्त हुआ।

# द बोहराज ग्लोबल स्कूल में शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी/महुआ (अंशु गुप्ता)।** शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर द बोहराज ग्लोबल स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय ने अपने समर्पित शिक्षकों के प्रति श्रद्धा और आभार व्यक्त करते हुए एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की।इस समारोह की विशेष बात यह रही कि न केवल वर्तमान में कार्यरत शिक्षकों को सम्मानित किया गया, बल्कि वरिष्ठ एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों को भी ससम्मान आमंत्रित कर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में श्री प्रभु दयाल, श्री रघुवीर (अंग्रेज़ी व्याख्याता), श्री रघुवीर, श्री अरविंद पालीवाल, श्री राजेन्द्र मिश्रा, श्री अशोक जैन तथा श्री भगवत प्रसाद वशिष्ठ जैसे शिक्षकों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की।



विद्यालय प्रबंधन ने इन शिक्षकों के गंगाजल से चरण धोकर , तिलक व माला अर्पित कर जिस तरह सम्मान किया, वह दृश्य अत्यंत भावुक कर देने वाला था। इस अवसर ने गुरु-शिष्य परंपरा की भारतीय संस्कृति में गहराई से निहित भावना को जीवंत कर दिया।अपने उद्बोधन में वरिष्ठ शिक्षकों ने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि ञ्जद्धद्ग क्चशद्धह्म्ड्डह्य त्र्यशड्ढड्डद्य स्ष्द्धशशद्य ने शिक्षा के क्षेत्र में जो मुकाम हासिल किया है, वह सराहनीय है। न केवल महुआ क्षेत्र में, बल्कि पूरे जिले में यह विद्यालय अपनी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, सांस्कृतिक व सह-पाठयक्रम गतिविधियों, और नवाचार युक्त शिक्षण शैली के लिए जाना जा रहा है। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि "विद्यालय की ख्याति अब दिल्ली तक गूंजने लगी है।" दिल्ली तक के कई इनामी विद्यालयों में विद्यालय की शैक्षिक एवं सह शैक्षिक गतिविधियों की चर्चा की जा रही है।

विद्यालय द्वारा जिस प्रकार प्रतिवर्ष इन गुरु जनों को गुरु पूर्णिमा तथा शिक्षा दिवस के अवसर पर याद किया जाता है यहां बहुत ही भावपूर्ण दिल के करीब रहने वाली कार्यक्रम है! इन शिक्षकों का मानना है कि विद्यालय का इस प्रकार प्रतिवर्ष होने याद किया जाना उन्हें बहुत ही सराहनीय कार्य लगता है, जीवन के इस मुकाम पर भी वह अपने आप को काफी मूल्यवान महसूस करते हैं! इसके साथ ही अशोक जैन ने यह भी कहा कि विद्यालय द्वारा की जाने वाली शैक्षिक तथा शैक्षिक गतिविधियों की सराहना संपूर्ण क्षेत्र ही नहीं किंतु जिला दौसा के साथ-साथ दिल्ली के विद्यालयों तक में हो रही है कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक विनय बोहरा, सह-निदेशक विकास बोहरा, प्रधानाचार्य ओ. पी. नागर, राजेश, पुनीत जी, एवं कोऑर्डिनेटर श्वेता जी सहित समस्त स्टाफ -जानवी , श्रद्धा, अंजलि, शिवानी, आशी, कविता, सुरेंद्र, मंकित्, विनोद भूपेन्द्र अंशुल सुरेंद्र सुंदर आदि - की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए समाज निर्माण में उनकी भूमिका को रेखांकित किया और उनके योगदान को नमन किया।

## भारी बारिश से पहाड़ी के देवी मंदिर में अटके श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (जितेश रावल)।** शहर से सटी पहाड़ी स्थित मातरमाता मंदिर में शनिवार को श्रद्धालुओं का जत्था फंस गया। श्रद्धालु यहां किसी धार्मिक आयोजन के लिए आए थे। इस दौरान भारी बारिश होने से अटक गए। मंदिर की सीढियों से आने वाले रास्ते में पहाड़ी झरने का बहाव तेज होने से श्रद्धालु इसे पार नहीं कर पाए। करीब दो-ढाई घंटे बाद श्रद्धालुओं के फंसे होने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस ने एनडीआरएफ की टीम को बुलाकर रेस्क्यू करवाया। श्रद्धालुओं को रस्सी के सहारे एक-एक कर नीचे लाया गया।

### झरने में फंसे तो घबरा गए

जानकारी के अनुसार मातरमाता मंदिर में शनिवार सुबह धार्मिक कार्यक्रम रखा गया था। इसमें शामिल होने के लिए करीब सवार सौ श्रद्धालु यहां पहुंचे। दर्शन-वंदन के बाद श्रद्धालु पहाड़ी से नीचे उतरने लगे तो झरने के वेग ने उनका रास्ता रोक दिया। श्रद्धालुओं में शामिल बुजुर्ग, बच्चे व महिलाएं इससे घबरा



गए। रेस्क्यू के बाद भी वे लोग काफी देर तक संयत नहीं हो पाए। उधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही एनडीआरएफ की टीम भी बुलाई गई। पहाड़ी पर फंसे श्रद्धालुओं को झरने के कारण मुख्य रास्ते से निकालने में मुश्किल नजर आ रही थी। ऐसे में उबड़-खाबड़ और झाडि़यों के बीच से रस्से के सहारे नया रास्ता तलाशते हुए रेस्क्यू किया गया।

## बुचारा में अतिक्रमण हटाने और सीमांकन की मांग, विधायक पटेल को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** निकटवर्ती ग्राम बुचारा में शनिवार को सरपंच मीरा देवी और टोलडा सरपंच प्रेमनाथ महाराज के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल को विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बुचारा, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मीणों का बांस और राजकीय प्राथमिक विद्यालय चौटक्या के खेल मैदान पर अतिक्रमण हो चुका है, जिसे हटाना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने सीमांकन



करवाने की मांग की।

दूसरे ज्ञापन में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बद्री यादव ने कच्ची पाल लगाकर बांध में पानी की आवक रोक दी है, जिससे काश्तकारों को सिंचाई में कठिनाई हो रही है। इस मार्ग को सुचारू करने की मांग की गई।

ग्रामीणों ने अवैध खनन रोकने की भी मांग उठाई। उन्होंने आरोप लगाया कि सचिन अग्रवाल द्वारा गौचर भूमि में अवैध खनन किया जा रहा है, जिससे राजस्व की हानि हो रही है। साथ ही अस्पताल के पास सपना मिनरल्स और देवेंद्र अग्रवाल द्वारा की जा रही अवैध ब्लास्टिंग का मुद्दा भी उठाया। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रही ब्लास्टिंग से मकानों में दरारें आ रही हैं और जनहानि की आशंका बनी हुई है।

## हरसहाय मीना अरोरा ने रक्तदान शिविर लगाकर मनाया 29वां जन्मदिन

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी/करौली (अंशु गुप्ता)।** मंडरायल उपखंड की ग्राम पंचायत कसेड के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अरोरा में एग्री ब्लड फाउंडेशन टीम के तत्वावधान में रविवार को 11वां रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। यह शिविर टीम के सदस्य हरसहाय मीना अरोरा के 29वें जन्मदिन पर आयोजित किया गया, जिसमें कुल 35 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत बी.एस. घुनावत ने पहला रक्तदान कर की। जन्मदिन के अवसर पर स्वयं





हरसहाय मीना अरोरा ने भी रक्तदान किया और युवाओं को इस दिशा में प्रेरित किया। इस मौके पर प्रीतम जाटव-पत्नी रुक्मणि जाटव, सुमन बाई जाटव-पत्नी हरिराम जाटव और पपीता मीना-पत्नी मुकेश मीणा अरोरा ने दंपति के रूप में रक्तदान कर विशेष उदाहरण पेश किया। शिविर के मुख्य अतिथि डॉ. महेश कुमार मीना (ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी, मंडरायल) ने कहा कि हर शुभ अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित करने चाहिए, ताकि रक्त की कमी से कोई जान न गंवाए।

## पंजाब बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए बैठक

बढ़ता राजस्थान

साहवा (कृष्ण कुमार)। पंजाब में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए शनिवार को भभुता सिद्ध महाराज मंदिर प्रांगण में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि क्षेत्र के लोगों के सहयोग से आवश्यक खाद्य सामग्री एवं अन्य जरूरत का सामान एकत्र कर जल्द ही पंजाब भेजा जाएगा। बैठक में उपस्थित जनों ने आम नागरिकों से अपील की कि वे मानवता के नाते आगे बढक़र बाढ़ पीड़ितों की



हर संभव मदद करें, ताकि संकट की इस घड़ी में प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके। इस अवसर पर सेवानिवृत्त पशु चिकित्सक डॉ. श्रवण कुमार स्वामी, सुभाष शिक्षण समूह के डॉ. रणधीर सिंह ढाका, महेन्द्र गोदारा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

युवाओं में जागी आर्थिक जागरूकता

# वित्तीय साक्षरता शिविर में मिली सुरक्षित भविष्य की राह

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** राजकीय सनातन धर्म उच्च माध्यमिक विद्यालय, देलवाड़ा रोड में शनिवार को भारतीय रिज़र्व बैंक के तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों को बचत, सुरक्षित बैंकिंग और वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।शिविर में भारतीय रिज़र्व बैंक के सहायक महाप्रबंधक श्री मनीष मांडल ने युवाओं को जागरूक करते हुए कहा कि वित्तीय जानकारी ही सुरक्षित और सफल जीवन की आधारशिला है। उन्होंने रिज़र्व बैंक की नोट नीति, बैंक की कार्यप्रणाली और वित्तीय निर्णय लेने के महत्व पर प्रकाश डाला।अग्रणी जिला प्रबंधक ब्यावर श्री राजेश परमार ने सरल भाषा में वित्तीय साक्षरता की व्याख्या करते हुए विद्यार्थियों को बचत का महत्व, आय-व्यय का संतुलन और धोखाधड़ी से बचाव के तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सही वित्तीय आदतें भविष्य को सुरक्षित बनाती हैं। विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार ने अतिथियों व विशेषज्ञों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इस ज्ञान को अपने जीवन में अपनाएँ और समाज में वित्तीय जागरूकता फैलाने में भागीदार बनें। यह शिविर विद्यार्थियों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक साबित हुआ, बल्कि उन्हें जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित भी किया।



# जयघोष के बीच बप्पा को नम आंखों से दी विदाई 'अगले बरस तू जल्दी आ' के नारों से गूंजा जयपुर

## मोदक भोग और आतिशबाजी संग भक्तों ने किए बप्पा के दर्शन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजधानी जयपुर में गणेशोत्सव का समापन भावुक माहौल में हुआ। शनिवार को शहरभर में अलग-अलग समूह में भक्तगण पूजा-पंडालों और घरों में स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमाओं को लेकर नाचते -गाते हुए तालाबों और जल स्त्रोतों के पास पहुंचे। जिसके बाद जल स्त्रोतों के बाहर गणपति बाबा मोरया के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। जल महल झील, मावठा, सागर, चंदलाई बांध सहित कृत्रिम तालाबों में भी गणपति बाबा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

ढोल- नागाड़ो और आतिबाजी के बीच हुआ मूर्ति विसर्जन

शहरभर से अलग-अलग समूह में बाबा के भक्तगण प्रथम पूज्य की प्रतिमा को लेकर ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजियों करते हुए रवाना हुए। कई जगह तो मराठी पारंपरिक वेशभूषा में भी श्रद्धालु गणेश जी महाराज के भजनों पर नृत्य करते हुए नजर आए। डीजे की धून पर थिरकते हुए श्रद्धालुओं ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। विशेष पूजा-अर्चना के बाद प्रथम पूज्य को छप्पन भोग अर्पित किए गए। जिसके बाद भक्तों ने उन्हे भावुक विदाई दी।


इन जगहों पर हुआ मूर्ति विसर्जन

अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर गणपति बाबा के जयकारों के साथ आमेर मावठा, कानोता बांध, गोनेर बंधा सहित कई नदी-तालाबों के घाट गूंज उठे। श्रद्धालु सजाई हुई ट्रैक्टर-ट्रॉली, पिकअप और लोडिंग टेम्पो में झूमते-नाचते प्रतिमाओं को विसर्जन स्थल तक लेकर पहुंचे। विसर्जन से पूर्व श्रद्धालुओं ने धूप-दीप से पूजन किया और बप्पा को मोदक का भोग अर्पित किया। इसके बाद आतिशबाजी और बैंड-बाजों की गूंज के बीच प्रतिमाओं की शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से निकलकर घाटों तक पहुंची। नम आंखों और आस्था से भरे दिलों के साथ भक्तों ने बप्पा को विदा किया और उनके पुनः आगमन की कामना की।

यहा भी हुआ मूर्ति विसर्जन

बनीपार्क के माधव सिंह सर्किल स्थित माधव विलास में विराजमान गणपति बप्पा की श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से पुष्पांजलि अर्पित की। ओमप्रकाश मालवानी ने बताया कि सोसायटी के सभी लोगों ने शाम को सामूहिक आरती की। आरती से पूर्व गणपति की नजर उतार कर गणेश वंदना की गई। भक्तों ने 'गजानन जी मेरे घर में पधारो...' जैसे भजनों से गणेश जी को रिझाया। यहां आयोजन में महाराष्ट्र की मराठा संस्कृति साकार हो रही है। मराठा टोपी से लोगों का स्वागत किया जा रहा है।

बनीपार्क स्थित माधव विलास में भी गणपति महोत्सव में शनिवार को कृत्रिम तालाब में गणपति बाबा का जयकारों के साथ विसर्जन किया गया। इससे पूर्व सुबह गायत्री हवन संपन्न हुआ।



## न्यूज़ ब्रीफ

### धूम धाम से मनाया शिक्षक दिवस बप्पा का हुआ भव्य विसर्जन



बढ़ता राजस्थान

**रींगस (हनुमान सिंह बुरानियां)।** रींगस कस्बे के आर्यन मॉडल स्कूल मे शनिवार को शिक्षक दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपने प्रिय शिक्षक शिक्षिकाओ का फूलों से भव्य स्वागत किया और उनका तिलकार्चन कर उपहार भेंट किये और अपने शिक्षको के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। इसके बाद अनंत चतुर्दशी के अवसर पर श्री गणेश को छप्पन भोग लगाने के बाद कस्बे के मुख्य मार्गो से जुलूस निकाल कर भैरू जी की पवित्र जोड़ी मे विसर्जन किया गया। संस्था प्रमुख मल्लीका खत्री ने बताया कि विद्यालय अपने स्थापना वर्ष से ही गण पति स्थापना कर रहा है। विसर्जन के दौरान बच्चे पारंपरिक गनवेश मे नृत्य करते नज़र आए। इस अवसर पर बंशीधर खेडड, सुभाष पावंडा, अर्जुन कुमावत , मुकेश शेषमा, चंद्र प्रकाश शर्मा, केशर मल कुमावत, राहुल नाथावत, शशिकांत शर्मा, बल्ला राम, सुरेश गढ़वाल, विजयपाल, पवन कुमावत, खेम सिंह, किशन यादव,ममता शर्मा सहित समस्त विद्यालय स्टाफ और सैकड़ो विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### जश्ने ईद मीलादुन्नबी पर कोटपूतली में निकाला गया भव्य मोहम्मदी जुलूस



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** हर साल की तरह, इस साल भी जश्ने ईद मीलादुन्नबी के खास मौके पर कोटपूतली में एक भव्यमोहम्मदी जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में उत्साह के साथ हिस्सा लिया।इस दौरान, जगह-जगह लोगों ने जुलूस का स्वागत किया और हजरत मोहम्मद साहब को याद किया गया। इस वर्ष हजरत मोहम्मद साहब का 1500वाँ जन्मदिवस मनाया गया।

दीनी ऐलान स्मारिका का विमोचन

इस अवसर पर, दीनी ऐलान नामक एक स्मारिका और नमाज़ की एक किताब का विमोचन भी किया गया। यह विमोचन जावेद खान की उपस्थिति में मौलाना अशफाक साहब, मौलाना हनीस अहमद, थाना अधिकारी राजेश शर्मा, शमशेर सिंह, और पार्षद मनोज गौड़ द्वारा किया गया। इन दोनों को लोगों में मुफ्त में बांटा गया।

दीनी ऐलान स्मारिका का यह 30वाँ सालाना विशेषांक पैगंबर मोहम्मद साहब की जीवनी, आपसी प्रेम, सद्भाव, और धार्मिक सहिष्णुता जैसे महत्वपूर्ण संदेशों पर केंद्रित है। इस कार्यक्रम में इरफान कुरैशी, जावेद कुरैशी, अब्दुल सत्तार सहित मुस्लिम समाज के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में पंचकर्म चिकित्सा एवं महिलाओं के स्वास्थ्य पर केंद्रित 6 दिवसीय सीएमई का समापन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए), मानद विश्वविद्यालय, जयपुर के प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग विभाग एवं पंचकर्म विभाग की ओर से आयोजित छह दिवसीय सीएमई का समापन शनिवार, 6 सितंबर को हुआ। यह कार्यक्रम 1 सितंबर से 6 सितंबर तक आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने की। इस विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन आयुष मंत्रालय एवं राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ के सहयोग से किया गया।

इस सीएमई में देशभर से आयुर्वेद विशेषज्ञ, शिक्षक, चिकित्सक एवं शोधार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पंचकर्म चिकित्सा और महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े विविध विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने अनुभव और अनुसंधान प्रस्तुत किए।

पंचकर्म विभाग की ओर से आयोजित सीएमई में कई रोगों में पंचकर्म चिकित्सा के माध्यम से आमजन के बेहतर स्वास्थ्य के विषय में चर्चा की गई।

पंचकर्म विभागाध्यक्ष प्रो. गोपेश मंगल ने बताया राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के पंचकर्म विभाग की ओर से आयोजित इस 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम ने चिकित्सकों को पंचकर्म प्रक्रियाओं की गहन समझ प्रदान की है। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार शर्मा ने की।

जिसमें पंचकर्म की परिभाषा, प्रासंगिकता तथा वर्तमान समय में इसकी आवश्यकता पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत बाह्य स्नेह, अभ्यंतर स्नेह, स्वेदन, वमन, विरेचन, बस्ती, नस्य तथा रक्तमोक्षण जैसी प्रमुख पंचकर्म प्रक्रियाओं पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत व्याख्यान, व्यवहारिक प्रदर्शन एवं समूह चर्चा आयोजित की गई। 6 दिवसीय ष्टरूश्व में प्रो. यू.एस. निगम, डॉ. जितेन्द्र समल, डॉ. मयंक भटकोटी, डॉ. ज्ञान प्रकाश शर्मा, डॉ. सर्वेश कुमार सिंह, प्रो. जे.पी. सिंह, डॉ. ऋतु अग्रवाल, डॉ. अभिषेक भट्टाचार्य, प्रो. गोपेश मंगल, डॉ. अनिल भारद्वाज, डॉ. प्रवीन के. मडिकोंडा एवं प्रो. सुमन शर्मा जैसे पंचकर्म विशेषज्ञों ने अपने अनुभव और शोध साझा किए। प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग विभाग की ओर से आयोजित सीएमई में महिलाओं के स्वास्थ्य से संबंधित रोगों के आयुर्वेद चिकित्सा के माध्यम से रोग निदान पर चर्चा की गई।

प्रतिभागियों को विभिन्न स्त्री रोगों की आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रबंधन, मॉक ड्रिल तथा हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया।

### पर्यावरणीय कानूनों के अनुपालन को सख्ती से लागू किया जायेगा : एस. पी. सिंह

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (आरएसपीसीब) के सदस्य सचिव एस.पी. सिंह की अध्यक्षता में जिले में पर्यावरणीय अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु एसपीवी गठन, सयुंक्त उपचार संयंत्र व एकत्रिकृत अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी सहित संबंधित अधिकारीगण एवं स्टेक होल्डर्स मौजूद रहे। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव की अध्यक्षता में 02 सितम्बर 2025 को नई दिल्ली में आयोजित बैठक के संदर्भ में आयोजित इस बैठक में जिले के विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। सिंह ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में एक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) के गठन की रूपरेखा पर चर्चा करना और पर्यावरणीय नियमों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करना है। इस दौरान रीको इकाई प्रमुख द्वारा एसपीवी के गठन की प्रक्रिया प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही प्रदूषण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा एसपीवी के लाभों, उसकी भूमिकाओं, और सीपीसीबी व आरएसपीसीबी की जिम्मेदारियों पर एक विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि (आरएसपीसीब) प्रदूषण के प्रति 'ज़ीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाता है और पर्यावरणीय कानूनों के अनुपालन को सख्ती से लागू किया जायेगा। इस दौरान सामूहिक अपशिष्ट उपचार संयंत्र (सीईटीपी) तथा उपचार, भंडारण और निपटान सुविधा (टीएसडीएफ) की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण पर्यावरणीय ढांचे को विकसित करने पर जोर दिया गया, ताकि औद्योगिक विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में केषवाना, सोतानाला, नीमराना, बहरोड़ सहित अन्य औद्योगिक क्षेत्रों के उद्यमियों ने अपनी समस्यायें और सुझाव साझा किये एवं क्षेत्र की पर्यावरणीय समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाने के लिए भारत सरकार तथा पर्यावरण मंत्री का आभार व्यक्त किया। जिला कलक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को केंद्रीय मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के समयबद्ध अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु जिम्मेदारियाँ सौंपीं और निर्देश दिये कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्यवाही पूरी की जायें। इस दौरान एडीएम ओमप्रकाश सहारण, एसडीएम कोटपूताली बृजेश चौधरी, एसडीएम नीमराना महेंद्र सिंह, क्षेत्रीय अधिकारी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड राजकुमार सेहरा सहित संबंधित अधिकारी एवं स्टेक होल्डर्स मौजूद रहे।

### जिला प्रभारी सचिव ने फील्ड में जाकर किया फसल खराबे का निरीक्षण

**बढ़ता राजस्थान । कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** आयुक्त विभागीय जांच राजस्थान एवं जिला प्रभारी सचिव अनिल कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को जिले के दौरे के दौरान मानसून के मद्देनजर फसलों की स्थिति और फसल खराबे का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी भी मौजूद रहीं। प्रभारी सचिव ने ग्राम भालोजी में जाकर फसलों का निरीक्षण किया की कहीं बारिश की वजह से फसल को नुकसान तो नहीं हुआ, साथ ही उन्होंने मौके पर हल्का पटवारी से ऑनलाईन गिरदावरी करवायी और आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। प्रभारी सचिव ने स्थानीय काश्तकारों से संवाद कर अतिवृष्टि के कारण प्रभावित किसानों को बीमा योजना एवं राजकीय योजनाओं से पात्रतानुसार लाभ पहुंचाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इस दौरान एसडीएम बृजेश चौधरी, तहसीलदार रामधन गुर्जर सहित संबंधित अधिकारी व किसान उपस्थित रहे।

### शनिवार रात दस बजे से 43 घंटे के लिए खाटूश्याम मंदिर में दर्शन बंद

बढ़ता राजस्थान

**रींगस (हनुमान सिंह बुरानियां)।** खाटूश्यामजी खाटूश्यामजी इस वीकेंड पर सीकर जिले में स्थित विश्व विख्यात बाबा खाटूश्यामजी मंदिर में शनिवार रात 10 बजे से 43 घंटे के लिए दर्शन नहीं हो सकेंगे। बाबा श्याम के मंदिर के कपाट चंद्रग्रहण व तिलक श्रृंगार के चलते दो दिन बंद रहेंगे। श्री श्याम मंदिर कमेटी ने विशेष सूचना जारी की हैं। कमेटी मंत्री मानवेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि बाबा श्याम के मंदिर के कपाट 7 सितंबर को चंद्रग्रहण व 8 सितंबर को तिलक श्रृंगार होने के चलते आम दर्शनार्थ बंद रहेंगे। उन्होंने बताया कि 6 सितंबर की रात 10 बजे मंदिर के कपाट बंद हुए जो 8 सितंबर की शाम 5 बजे खुलेंगे। कमेटी ने भक्तों से अपील कि इस समयावधि के उपरांत ही भक्त श्याम बाबा के दर्शन के लिए पधारें और व्यवस्थाओं में सहयोग करें।




**आम-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाके मौजा माजरा रावत, खसरा नम्बर 512, तहसील बानसुर, जिला अलवर (राज.) क्षेत्रफल 2040 वर्ग मीटर है, जिसका संपरिवर्तन आदेश तहसीलदार बानसूर के कार्यालय से दिनांक 04.05.2012 को जय भारती शिक्षा समिति जरिए सचिव मनोहर लाल के पक्ष में जारी किया गया। उक्त मूल संपरिवर्तन आदेश कही गुम हो गया है, जो काफी तलाश के बाद भी नहीं मिल रहा है। यह कि जय भारती शिक्षा समिति द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण लेने हेतु AU Small Finance Bank, Bansur के यहां आवेदन किया गया हैं। यदि किसी भी व्यक्ति का उत्तराधिकार विक्रय, रहन, लीज, लियन, लाईसेन्स, दान या कब्जे के जरिये या अन्य किसी प्रकार से कोई अधिकार या हक हो तो निम्न हस्ताक्षरकर्ता को 7 दिवस में सूचित कर मय दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त सम्पत्ति पर रहन कर लिया जावेगा एवं उसके पश्चात् किसी प्रकार का कोई हक या अधिकार मान्य नहीं होगा ना ही मेरे अभिभाष्य पर बाध्यकारी होगा।

दिनांक-06.09.2025

**रोहिताश चौधरी,** एडवोकेट
ग्राम-सांगटेडा, तहसील कोटपूतली,
जिला कोटपूतली-बहरोड
मो. 9001412070

# साइबर ठगी, माहवारी स्वच्छता एवं प्रजनन स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यशाला संपन्न





बढ़ता राजस्थान

**चाकसू (गिरिराज प्रसाद शर्मा)।** शीतला माता स्थित सिकोईकोड़ीकोन सभागार परिसर में शुक्रवार को कट्स इंटरनेशनल एवं एशिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में तथा भावी निर्माण सोसाइटी के सहयोग से एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम से जुड़ी लगभग 80 महिला-पुरुष प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महिला अधिकारिता विभाग, जयपुर के जेंडर स्पेशलिस्ट प्रवीण सिन्हा रहे। उन्होंने माहवारी स्वच्छता, प्रजनन स्वास्थ्य और किशोरियों व महिलाओं के लिए संचालित राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री उत्तम प्रोत्साहन योजना एवं लाड़ो योजना की जानकारी साझा की।

प्रवीण सिन्हा ने कहा आज भी समाज के कई वर्गों में माहवारी और प्रजनन स्वास्थ्य जैसे विषयों पर खुलकर बात नहीं की जाती, जबकि यह महिलाओं की बुनियादी जरूरत और अधिकार है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हर लडक़ी को न सिर्फ स्वच्छता से जुड़े संसाधन मिलें, बल्कि उससे जुड़ी जानकारी और सरकारी योजनाओं की भी पूरी जानकारी हो।

कार्यक्रम की संयोजक हेमा शर्मा (कट्स इंटरनेशनल) ने साइबर ठगी के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, कॉल, संदिग्ध मैसेज आदि से सतर्क रहने की अपील की। भावी निर्माण सोसाइटी के सचिव गिरिराज प्रसाद शर्मा ने साइबर सुरक्षा से जुड़ी सावधानियों को सरल भाषा में बताया और बैंकिंग धोखाधड़ी, ओटीपी शेयरिंग आदि से जुड़े खतरों को उजागर किया।

कार्यक्रम के सांस्कृतिक सत्र में रमा शर्मा ने सामाजिक जागरूकता पर आधारित एक भावनात्मक गीत प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया और खूब तालियाँ बटोरीं। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख जनों में विकासोन्मुख संस्था के सचिव डॉ. राजेश मालाकार, शारदा सैनी, राजस्थानी महिला सहकारी समिति महेश कुमार शर्मा एवं बलवीर सिंह तथा सीकोईकोड़ीकोन शाखा के प्रभारी छीतर मल जाट सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

### ढहते पुल, उधड़ी सडक़ें और विकास के खोखले दावे, मानसून में भरोसे के अलावा ढहती जिंदगियां

भारत में हर साल बड़े-बड़े विकास कार्यों के दावे किए जाते हैं, लेकिन हर मानसून में ढहते पुल, उधड़ी सडक़ें और खराब डिजाइन से बने ढांचे सरकारों की लापरवाही, अधिकारियों की गैर जवाबदेही और व्यापक भ्रष्टाचार की पोल खोल देते हैं। हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, बिहार, उत्तर प्रदेश और गुजरात सहित कई राज्यों में बारिश के दौरान सडक़ों और पुलों के ध्वस्त होने की घटनाएं अब आम हो चुकी हैं। ये घटनाएं न केवल निर्माण की खामियों को उजागर करती हैं, बल्कि आम जनता की सुरक्षा और प्रशासन की जवाबदेही पर भी गंभीर सवाल उठाती हैं।

9 जुलाई 2025 को सुबह 7.30 बजे गुजरात में आणंद और वडोदरा को जोडऩे वाला 900 मीटर लंबा गंभीरा पुल ढह गया। 1985 में बना यह पुल हाल ही में 1.75 करोड़ रुपए की लागत से मरम्मत के बावजूद ढह गया। दो पिलर्स के बीच स्लैब टूटने से दो ट्रक, एक बोलेरो, एक पिकअप वैन और एक बाइक सहित पांच-छह वाहन महिसागर नदी में जा गिरे। इस हादसे में कई लोगों की मौत हुई। स्थानीय लोगों ने पहले से ही पुल की जर्जर स्थिति की शिकायत की थी। बिहार में सहरसा के पतरघट में ओवरलोड ट्रैक्टर के कारण 25 साल पुराना पुल टूट गया। भागलपुर में 1750 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा सुल्तानगंज-अगवानी फोरलेन पुल तीसरी बार ढह गया, जिससे नीतीश सरकार की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हुए। जून-जुलाई 2024 में अररिया, सीवान, किशनगंज, मधुबनी और पूर्वी चंपारण में महज 17 दिनों में 12 पुल ढह गए। इनमें पुराने और निर्माणाधीन पुल शामिल थे।

हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक आपदा और निर्माण की अनदेखी

चंबा और मंडी में बादल फटने से पांच पुल बह गए और 129 सडक़ें बंद हो गईं। पंडोह में कुकलाह पुल के बह जाने से स्थानीय क्षेत्र में भय और अलगाव की स्थिति उत्पन्न हो गई।

राजस्थान के झुंझुनू में उद्घाटन से पहले ही नवनिर्मित स्टेट हाईवे बह गया।

भोपाल मे ऐशबाग आरओबी की 90 डिग्री की खतरनाक मोड़ वाली डिज़ाइन विवादों में है। दिल्ली-एनसीआर में जलभराव और ट्रैफिक जाम ने सडक़ों की खराब डिज़ाइन और रखरखाव की पोल खोल दी।

इसके लिए क्या क्या सिर्फ बारिश जिम्मेदार है?

भोपाल का ऐशबाग ओवरब्रिज या बिहार में बाढ़ क्षेत्र में बनाए गए पुल इस बात के उदाहरण हैं कि डिजाइन में स्थानीय भूगोल और जोखिमों की अनदेखी की जाती है। निम्न गुणवत्ता और भ्रष्टाचार : कई बार ठेकेदार निर्माण की लागत बचाने के लिए घटिया सामग्री का प्रयोग करते हैं। निविदा प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी और अयोग्य ठेकेदारों को काम सौंपना आम है। 40 साल पुराना गंभीरा पुल और 25 साल पुराना सहरसा पुल समय पर मरम्मत न होने के कारण हादसे का शिकार बने। सडक़ पर गड्ढे, जलभराव और टूटे पुल बताते हैं कि रखरखाव को प्राथमिकता नहीं दी जा रही।

तैयारी का अभाव, बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने जैसी घटनाओं के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार नहीं है। डिजाइन में पर्यावरणीय जोखिमों को अनदेखा करना भारी पड़ता है।

स्वीडन ने सडक़ सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए '2+1 लेन मॉडल' अपनाया और डिजाइन को मानवीय भूलों को ध्यान में रखकर बदला। ऑस्ट्रेलिया में निर्माण गुणवत्ता के सख्त नियम और उल्लंघन पर कड़ी सज़ा इसका उदाहरण हैं। उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री और तकनीकों का उपयोग अनिवार्य किया जाए। ई-टेंडरिंग प्रक्रिया को अनिवार्य बनाकर भ्रष्टाचार पर लगाम लगे।

'वोटर अधिकार यात्रा'

# क्या बिहार में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के मंसूबे सफल होंगे!



रामस्वरूप रावतसरे

इसका लक्ष्य था वोट चोरी को बड़ा मुद्दा बनाना और बिहार की जनता को यह बताना कि उनके वोटिंग अधिकार खतरे में हैं। साथ ही इंडी गठबंधन को एकजुट दिखाकर तेजस्वी यादव को बिहार में मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाना भी इसका उद्देश्य था। लेकिन ये दोनों ही लक्ष्य पूरे नहीं हो सके। स्थानीय लोगों ने इस यात्रा को ज्यादा तवज्जो नहीं दी। इस यात्रा को नजदीक से देखने वाले संजय कौशिक के अनुसार यात्रा का सबसे बड़ा नुकसान मुद्दे के चयन में हुआ। वोट चोरी का मुद्दा बिहार की जनता के बीच गूँज नहीं सका।



बिहार में राहुल गाँधी और तेजस्वी यादव की वोटर अधिकार यात्रा 16 दिन तक चली। ये यात्रा बिहार के 23 जिलों, 1300 किलोमीटर और 67 विधानसभा सीटों से होकर गुजरी। वैसे तो इस यात्रा का मकसद था बिहार विधानसभा चुनाव से पहले वोट चोरी का मुद्दा उठाकर जनता का समर्थन हासिल करना और इंडी गठबंधन को मजबूत करना। लेकिन नतीजा उल्टा रहा।

इस यात्रा पर नजर रखने वालों के अनुसार यात्रा की अगुवाई करने वाली कॉन्ग्रेस पार्टी न तो जनता का भरोसा जीत पाई गया, न ही गठबंधन के भीतर एकजुटता दिख पाई। यात्रा के दौरान विवाद, आपसी मतभेद और स्थानीय लोगों की उदासीनता ने इसे चर्चा का विषय बना दिया। राहुल गाँधी ने वोटर अधिकार यात्रा की शुरुआत सासाराम से की थी, जिसमें आरजेडी नेता तेजस्वी यादव उनके साथ थे। इसका लक्ष्य था वोट चोरी को बड़ा मुद्दा बनाना और बिहार की जनता को यह बताना कि उनके वोटिंग अधिकार खतरे में हैं। साथ ही इंडी गठबंधन को एकजुट दिखाकर तेजस्वी यादव को बिहार में मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाना भी इसका उद्देश्य था। लेकिन ये दोनों ही लक्ष्य पूरे नहीं हो सके।

स्थानीय लोगों ने इस यात्रा को ज्यादा तवज्जो नहीं दी। इस यात्रा को नजदीक से देखने वाले संजय कौशिक के अनुसार यात्रा का सबसे बड़ा नुकसान मुद्दे के चयन में हुआ। वोट चोरी का मुद्दा बिहार की जनता के बीच गूँज नहीं सका। लोग एसआईआर (स्पेशल इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन) को जरूरी मानते हैं, क्योंकि उनका मानना है कि वोटर लिस्ट में बाहरी लोग, घुसपैठिए और मृत वोटरों के नाम हटाए जाने चाहिए। इस वजह से राहुल गाँधी को स्थानीय समर्थन नहीं मिला। लोगों ने राहुल गाँधी की इस यात्रा तो न सिर्फ खारिज किया, बल्कि उन्होंने बिहार एसआईआर को बेहद जरूरी बताया। स्थानीय लोग तो घुसपैठियों की समस्या से परेशान भी दिखे। यही नहीं यात्रा का रूट मैप भी मुस्लिम बहुल इलाकों को ध्यान में रखकर बनाया गया था, ताकि इस समुदाय को इंडी गठबंधन की ओर आकर्षित किया जा सके। सासाराम, रोहतास से निकली यात्रा औरंगाबाद, गया, वजीरगंज, शेखपुरा, मुंगेर से होकर भागलपुर, कटिहार, पूर्णिया, सुपौल होते हुए दरभंगा, सीतामढ़ी, बेतिया, फिर गोपालगंज, छपरा, भोजपुर होते हुए पटना में खत्म हुई। लेकिन यह रणनीति भी कारगर नहीं रही। आरा जैसे इलाकों में वामपंथी दलों को जोड़ा गया, लेकिन वहाँ भी भीड़ जुटाने में नाकामी मिली। इंडी गठबंधन में शामिल आरजेडी को उम्मीद थी कि यह यात्रा तेजस्वी यादव को बिहार में मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाएगी। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। यात्रा के दौरान राहुल गाँधी ने सारा ध्यान अपनी ओर खींच लिया, जिससे तेजस्वी की छवि को नुकसान हुआ। जानकारों के अनुसार राहुल गाँधी ने तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने से बचकर गठबंधन की अंदरूनी खटास को उजागर कर दिया।

इसके अलावा आरजेडी और कॉन्ग्रेस के बीच सीट बँटवारे को लेकर भी तनाव सामने आया। यात्रा से पहले चर्चा थी कि कॉन्ग्रेस को महागठबंधन में 40 सीटें भी नहीं मिलेंगी। लेकिन यात्रा के बाद लगता है कि कॉन्ग्रेस कुछ ज्यादा सीटें हासिल कर सकती है। फिर भी जमीनी स्तर पर इसका कोई खास फायदा नहीं दिखता। बताया जा रहा है कि यात्रा के दौरान कई विवादों ने इसे और कमजोर किया। सबसे बड़ा विवाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के शामिल होने पर हुआ। स्टालिन 27 अगस्त को मुजफ्फरपुर में यात्रा में शामिल हुए। लेकिन उनकी पार्टी डीएमके के नेताओं के पुराने बयान लोगों को याद आ गए। डीएमके सांसद दयानिधि मारन ने बिहार और यूपी के लोगों को 'टॉयलेट साफ करने वाला' कहा था, जबकि स्टालिन के बेटे उदयनिधि ने सनातन धर्म को बीमारी बताया था। भाजपा प्रवक्ता प्रभात मालाकार ने कहा, यह यात्रा बिहार और बिहारियों के अपमान की यात्रा थी। राहुल और तेजस्वी उन लोगों के साथ घूमे, जिन्होंने बिहार के डीएनए पर सवाल उठाए। दूसरा बड़ा विवाद दरभंगा में हुआ, जहाँ मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपशब्द कहे गए। मोहम्मद रिजवी को इस मामले में गिरफ्तार किया गया। इस घटना का वीडियो वायरल हो गया और भाजपा ने इसे पूरे देश में मुद्दा बनाया। वोटर अधिकार यात्रा में पप्पू यादव और कन्हैया कुमार जैसे नेताओं को भी शामिल किया गया था, लेकिन इनका रोल भी विवादों से अछूता नहीं रहा। पप्पू यादव को पूर्णिया में इस्तेमाल किया गया, लेकिन बाद में उन्हें मंच पर जगह तक नहीं दी गई। पटना में वे मंच के पीछे बैठे दिखे, जबकि उन्होंने तेजस्वी यादव को 'जननायक' तक कह दिया था। कन्हैया कुमार शुरुआत में यात्रा में दिखे, लेकिन बाद में गायब हो गए। पप्पू यादव और कन्हैया कुमार जैसों को अभी भी आरजेडी कबूल करने को तैयार नहीं है। ऐसे में आरजेडी ने इन दोनों को पूरी तरह स्वीकार नहीं किया, जिससे गठबंधन में आपसी अविश्वास की खाई और गहरी हो गई।

आरजेडी को उम्मीद थी कि इस यात्रा से तेजस्वी यादव को बिहार में इंडी गठबंधन का फ्रंट चेहरा बनाया जाएगा, लेकिन हुआ उल्टा। राहुल गाँधी सारा फुटेज खा गए। इसकी वजह से कॉन्ग्रेस और आरजेडी के बीच मतभेद भी सामने आ गया कि राहुल गाँधी तेजस्वी यादव पर हावी हो गए। इसकी वजह से यात्रा के समापन को बदल दिया गया और बेहद निराशा भरे माहौल में पटना में यात्रा को खत्म कर दिया गया।

बिहार में एक वर्ग है- जिसने सिर्फ जंगल राज की कहानियों को पढ़ा है, उस समय के बारे में सिर्फ सुना है, उन्होंने जंगलराज को जिया नहीं है। मतदाताओं के ऐसे वर्ग ने 20 सालों से नीतीश कुमार को ही सत्ता में बने देखा है। जंगलराज को न जानने वाले इस मतदाता वर्ग में एंटी इन्कमबेंसी फैक्टर बना हुआ था। यही वर्ग मजबूरी के विकल्प के तौर पर तेजस्वी यादव की तरफ भी देख रहे थे।

## आज का इतिहास

- 7 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ
- भारतीय एवं विश्व इतिहास में 7 सितम्बर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं-
- 1701 - जर्मनी, इंग्लैंड और नीदरलैंड ने फ्रांस विरोधी समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- 1902 - ऑस्ट्रेलिया में भयानक सूखा (अकाल) पडने के बाद देश भर के लोगों ने वर्षा के लिए एक साथ ईश्वर से प्रार्थना की।
- 1906 - बैंक ऑफ़ इंडिया की स्थापना हुयी।
- 1923 - विएना में इंटरपोल की स्थापना।
- 1931 - लंदन में गोलमेज सम्मेलन का दूसरा सत्र शुरू हुआ।
- 1943 - टेक्सास के ह्स्टन में एक होटल में आग लगने से 45 लोगों की मौत।
- 1950 - हंगरी में सभी मठों को बंद किया गया।
- 1965 - चीन ने घोषणा की कि वह भारतीय सीमा पर तैनात अपने सैनिकों को सुदृढ़ करेगा।
- 1965 - भारतीय सीमा पर चीन द्वारा सेना की तैनाती की घोषणा।
- 1977 - इथोपिया ने सोमालिया के साथ राजनयिक संबंध तोड़े।
- 1998 - अंतर संसदीय यूनियन (आई.पी.यू.) का 100वां सम्मेलन मास्को में प्रारम्भ।
- 1999 - एथेंस में 5.9 तीव्रता के भूकंप से 143 लोगों की मौत हो गयी और 500 से अधिक घायल हो गए तथा 50,000 लोग बेघर हो गए।
- 2002 - इयाजुद्दीन अहमद बांग्लादेश के नये राष्ट्रपति बने।
- 2004 - फिजी के विजय सिंह टाइगर वुड्स को पीछे छोडक़र विश्व के नम्बर एक गोल्फ़र बने।
- 2005 - 'तेल के बदले अनाज' कार्यक्रम की जांच रिपोर्ट पेश।

## शख्सियत



तनु शर्मा
(तहसीलदार)

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कॉलम की स्टार है तहसीलदार माधो राजपुरा जयपुर तनु शर्मा। मित्रों कुछ लोग ऐसे होते हैं जो स्थान्तरित होकर अन्यंत्र चले तो जाते हैं पर एक अहसास सा पीछे छोड़ जाते हैं अपने व्यक्तित्व का,ऐसे ही व्यक्तित्व की धनी हैं तनु शर्मा जी। 8 जुलाई 1984, बीकानेर में जन्मी तनु का सपना बचपन से ही कुछ बनने का था। शिक्षा- बीएससी और एमबीए करने के बाद सरकारी सेवा की शुरुआत हुई -2010 से महिला एवं बाल विकास विभाग से हुई, बीकानेर जिले के नोखा और खाजूवाला में क्रमशः महिला पर्यवेक्षक और बाल विकास परियोजना अधिकारी के रूप में लगभग 9 वर्ष तक कार्य किया और राज्य स्तर पर तत्कालीन महिला बालविकास मंत्री और निदेशक समित शर्मा जी से खाजूवाला ब्लॉक में उत्कृष्ट कार्य का सम्मान प्राप्त किया । आरएएस 2016 की भर्ती द्वारा 2019 में आरटीएस के रूप में जोइन किया । कार्यकाल - तहसीलदार जेडिए जयपुर , 5वन 8, 5वन 7 , और 5वन 10 तहसीलदार अलवर (11अगस्त 23 से 4अक्टूबर 24) तक रही वर्तमान में तहसीलदार माधोराजपुरा,जयपुर पद को सुशोभित कर रही हैं। इनके अलवर प्रतिस्थापन के दौरान उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्य लोग आज भी याद करते हैं सरल,सहज , हंसमुख और हमेशा लोगों के साथ आधार शिष्टाचार से पेश आने वाली एक बेहतरीन तहसीलदार की भूमिका के रूप में इन्होंने लोगों की सेवाएं की।

## महातीर्थस्थल: तीर्थराज गया

पं. शिवप्रसाद पाठक

गया का नाम आते ही हिंदुओं तथा बौद्धों का नतमस्तक होना स्वाभाविक है। श्राद्ध के लिए 'गया' सर्वश्रेष्ठ स्थान है जहां तर्पण के पश्चात् आत्मा को इहलौकिक मुक्ति प्राप्त होती है। गया श्राद्ध बिना आत्मा की मुक्ति नहीं होती। गया में श्राद्ध के लिए मुंडन अथवा समय सीमा की अनिवार्यता नहीं है। अग्नि पुराण में कहा गया है कि गया में किसी भी दिन श्राद्ध किया जा सकता है।

*गया तीर्थ कथा*

'अस्तावि जानो दिव्यो गयेन'। दैवी पुरोहित 'गय' द्वारा प्रशंसित हुए ॠग्वेद के इस सूक्त से ज्ञात होता है कि गय ॠग्वेद के ॠर्षि थे। अर्थवेद में गयासुर नाम कपाल ऐन्द्रजालिक का उल्लेख है। वायुपुराण तथा अग्निपुराण में गयासुर गाथा है कि गयासुर ने सहस्त्रों वर्षों तक घोर तप किया। जिससे घबराकर देवता ब्रह्माजी के पास गये। ब्रह्मा शिव तथा देवों ने विष्णु की स्तुति की। भगवान विष्णु ने प्रकट होकर कहा सभी देवता अपने-अपने वाहन से गयासुर के पास चलें। भगवान विष्णु ने गयापुर से तप का कारण जानने पर गयासुर ने कहा वह देवों ॠषियों सन्यासियों से अधिक पवित्र हो जाए। देव महादेव तथास्तु कह कर चले गए। फिर भी जो भी गयासुर को छूता पवित्र होकर स्वर्ग चला जाता। शनैः शनैः यमलोक रिक्त होने लगा। यम ब्रह्माजी से मिले। ब्रह्मा, विष्णु के पास गए।

विष्णुजी ने ब्रह्माजी से कहा कि वे गयासुर के शरीर को यज्ञ स्थल हेतु मांगे। गयासुर तैयार हो गया। वह दक्षिण पश्चिम दिशा में पृथ्वी पर गिर गया। सिर कोलाहल पर्वत पर और पैर दक्षिण की ओर हो गये। ॠत्विजों ने यज्ञारंभ किया। शरीर स्थिर नहीं होने से ब्रह्माजी ने यम से गयासुर के सिर पर शिला रखने को कहा। पर सिर तथा शिला साथ-साथ हिलने लगे। तब विष्णुजी ने अपनी मूर्ति शिला पर रखी फिर भी शिला हिलती रही। तब विष्णु तीन रूपों में, ब्रह्मा पांच रूपों में गणेश हाथी के रूप में, सूर्य तीन रूपों में, लक्ष्मीजी मंगला और गायत्री सरस्वती के रूप में बैठ गई। हरि ने गदा प्रहार से गयासुर को स्थिर कर दिया। गयासुर ने कहा मैं प्रवंचित क्यों किया गया हूं। मैंने ब्रह्म यज्ञ के लिए शरीर दिया है। मैं विष्णु शब्द से स्थिर हो जाता फिर मुझ पर गदा प्रहार क्यों ? देवों ने उससे वर मांगने कहा तो उसने वर मांगा जब तक पृथ्वी, पर्वत, सूर्य, चन्द्र एवं तारे रहें तब तक ब्रह्मा, विष्णु, शिव एवं अन्य देव इस शिला पर रहें। तीर्थ मेरे नाम पर रहे सभी तीर्थ मध्य में केन्द्रित हों। देवों ने तथास्तु कहा, वर दिया। ब्रह्मा ने गया नगर, 77 गांव, आवास, कल्पवृक्ष, कामधेनु, दुग्ध नदी, सोने का कूप आदि सभी व्यवस्था कर दी ताकि ब्राह्मण किसी से कुछ न मांगे। लोभी ब्राह्मणों ने यज्ञ किया और दक्षिणा मांगी।ब्रह्मा ने शाप देकर सभी कुछ छीन लिया। ब्राह्मणों ने क्षमा मांगी तो ब्रह्माजी ने उनकी जीविका के लिए कहा कि वे गया यात्रियों के दान पर जियेंगे और जो उन्हें सम्मानित करेंगे वे मानों ब्रह्माजी को सम्मानित करेंगे।

*श्राद्ध की महिमा*

महाभारत में कहा गया है व्यक्ति को बहुत से पुत्रों की कामना करना चाहिए,यदि उनमें से एक भी गया जाता है या अश्वमेघ यज्ञ करता है तो पितृगण तृप्त हो जाते हैं। गया में पिता तथा अन्यों को पिण्ड देना चाहिए। गया में स्वयं को भी पिण्ड दिया जा सकता है। गया में श्राद्ध करने से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। गया को छोडक़र सभी तीर्थों में उपवास तथा मुण्डन करना चाहिए किंतु गया में आवश्यकता नहीं है।

# भारत में 10.6 प्रतिशत वयस्क मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित



सुनिल कुमार महला

कहना ग़लत नहीं होगा कि सामाजिक दबाव, डिजिटल निर्भरता और आर्थिक असुरक्षा ने मानसिक स्वास्थ्य को गहराई से प्रभावित किया है।

आज पूरी दुनिया मानसिक स्वास्थ्य संकट से गुजर रही है। आपा-धापी व भागम-भाग भरी इस जिंदगी में हर कोई व्यक्ति कहीं न कहीं तनाव, अवसाद झेल रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि सामाजिक दबाव, डिजिटल निर्भरता और आर्थिक असुरक्षा ने मानसिक स्वास्थ्य को गहराई से प्रभावित किया है। युद्ध, प्रवासन और प्राकृतिक आपदाएँ भी कहीं न कहीं मानसिक स्वास्थ्य संकट का कारण हैं। वैश्विक परिदृश्य की यदि हम यहां पर बात करें तो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, हर 8 में से 1 व्यक्ति किसी न किसी मानसिक स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहा है। इस आलेख में ऊपर जानकारी दे चुका हूं कि अवसाद (डिप्रेशन) और चिंता ( एंक्साइटी) सबसे सामान्य समस्याएँ हैं, जो कामकाजी क्षमता और जीवन की गुणवत्ता को बुरी तरह



प्रभावित करती हैं। आत्महत्या (सुसाइड) 15-29 वर्ष आयु वर्ग में प्रमुख मृत्यु कारणों में से एक है।जब कोविड-19 महामारी आई तो इसने अकेलेपन, तनाव और अवसाद को और बढ़ा दिया। बहरहाल,दुनियाभर में एक अरब लोग मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। दरअसल, इस संबंध में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने नई रिपोर्ट जारी की है। मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में चिंता और अवसाद को सबसे आम बताया है। रिपोर्ट में कहा गया कि इन बीमारियों की वजह से इंसान के जीवन और सेहत के साथ-साथ अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ रहा है। वर्ष 2021 में 7.27 लाख लोगों ने अवसाद के कारण आत्महत्या की। वहीं डिप्रेशन और चिंता से हर साल अर्थव्यवस्था को लगभग एक ट्रिलियन डॉलर का नुकसान सिर्फ कामकाजी क्षमता घटने से हो रहा है। यदि हम यहां पर भारत में स्थिति की बात करें तो निम्हांस (राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान) द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, भारत में 10.6 प्रतिशत वयस्क मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से पीडि़त हैं। यहां मानसिक स्वास्थ्य विकारों का जीवनकाल प्रसार 13.7त्न है। वहीं मानसिक विकारों से ग्रस्त 70 से 92 प्रतिशत लोगों को अच्छा उपचार नहीं मिल पाता है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अवसाद से पीडि़त महिलाएं स्वास्थ्य देखभाल पर तीन गुना ज्यादा पैसा खर्च कर रही हैं। करीब आठ हजार से अधिक महिलाओं के डाटा का विश्लेषण किया गया। पाया गया 24 से 44 वर्ष की महिलाएं औसतन तीन से पांच हजार रुपये स्वास्थ्य पर खर्च कर रही हैं, जो उनकी आर्थिक आय से अधिक है। इसमें यह भी देखा गया कि करीब 71 फीसदी महिलाओं में चिंता और अवसाद दोनों मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थी। रिपोर्ट में सकारात्मक बदलाव की बात भी कही गई है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार 71 फीसदी देशों ने मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं में शामिल करना शुरू कर दिया है। वहीं आपातकालीन हालात में मानसिक सहायता देने की क्षमता तेजी से बढ़ी है। 2020 में यह सुविधा 39 देशों में थी, जो अब बढक़र 80 फीसदी से अधिक हो गई है। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि दुनिया में मानसिक स्वास्थ्य संकट की समस्या आज एक बड़ी व गंभीर समस्या बन चुकी है। दूसरे शब्दों में कहें तो आज की तेज़-रफ्तार और प्रतिस्पर्धी दुनिया में मानसिक स्वास्थ्य संकट वैश्विक स्तर पर गंभीर समस्या बन चुका है और यह संकट केवल व्यक्तिगत ही नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक ढांचे को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है।डिप्रेशन और एंग्ज़ायटी से हर वर्ष लगभग 26 करोड़ लोग प्रभावित होते हैं।वास्तव में इस मानसिक स्वास्थ्य संकट के प्रमुख कारणों की यदि हम यहां पर बात करें तो इनमें क्रमशः तेज़ जीवनशैली और प्रतिस्पर्धा, तनाव, नौकरी का दबाव और आर्थिक असुरक्षा, सोशल मीडिया और डिजिटल लत, पारिवारिक /सामाजिक टूटन और अकेलापन तथा युद्ध, प्रवासन, प्राकृतिक आपदाएँ आदि को शामिल किया जा सकता है।

# टोंक में भव्य रूप से निकाली गई श्री गणेश विसर्जन की शोभायात्रा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** धर्मोत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित 30 वें दस दिवसीय श्रीगणेश महोत्सव के तहत शनिवार को अनन्त चतुर्दशी पर गणपति बप्पा मोरिया...जयघोष के साथ शहर के 19 विभिन्न मंदिरों में स्थापित गणपति प्रतिमाओं की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद यज्ञ के बालाजी से शोभायात्रा रवाना निकाली। शोभायात्रा के आगे-आगे बैण्ड धार्मिक भजनों की प्रस्तुति देते हुए आगे-आगे चल रहा था। इस दौरान शोभायात्रा में शामिल श्री गणेश प्रतिमाओं की झांकी के पीछे महिलाएं,युवतियां एवं पुरुष नाचते गाते चल रहे थे।जिनको देखने के लिए बाजार में जगह-जगह काफी भीड़ देखी गई। शोभायात्रा में समिति के सदस्यों द्वारा 9 फीट हस्तनिर्मित गणेश प्रतिमा की भव्य झांकी आकर्षण का केन्द्र रही।शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। श्री गणपति की प्रतिमाओं का चतुर्भुज तालाब में विसर्जन किया गया।जिस दौरान जिला प्रशासन की तरफ से सुरक्षा की दृष्टि से व्यवस्था की गई थी ।जिस दौरान टोंक पुलिस उपाधीक्षक राजेश विद्यार्थी,निवाई उपाधीक्षक मृत्युंजय मिश्रा सहित कानूनी व्यवस्था की दृष्टि से भारी पुलिस जाप्ता तैनात किया गया था।



इस दौरान मोदक का प्रसाद भी वितरण किया गया। । शोभायात्रा के साथ टोंक शहर के रिद्धि-सिद्धि गजानन्द मित्र मंडल शंकरपुरा चौराहा जिंसी, श्रीविनायक मित्र मंडली, कोली समाज पटेलों की गुवाड़ी ,नोशे मियां का पुल, शिव हनुमान मित्र मंडल खोजा बावड़ी, विनायक मित्र मंडल हीरा चौक पुरानी टोंक, जय बजरंग सेवा समिति रामद्वारा रोड़, बाल समिति अस्तल रोड़ छावनी, श्रीविनायक मित्र मंडल सेवा समिति सोलंगपुरा, शिव मित्र मंडल हीरा चौक पुरानी टोंक, श्रीकृष्ण मित्र मंडल जाल का कुंआ टोंक, शिव शंकर मित्र मंडल रामद्वारा रोड़, अन्नपूर्णा गणेश नवयुवक मंडल टोंक, श्रीशिव मित्र मंडल पीपली वाला कुंआ टोंक, श्रीगणेश सेवा समिति सईदाबाद रोड़ टोंक, शिव हनुमान मन्दिर सेवा समिति बीखापुरा टोंक, श्रीविनायक भक्त मंडल बाबा रामदेव मन्दिर के पास छावनी, श्रीबजरंग दल सेवा समिति बनेठा, श्री बैकुण्डेश्वर विनायक सेवा समिति चिड़ी की बाड़ी टोंक, शिव हनुमान मन्दिर खटीक समाज गांधी पार्क के पास एवं रिद्धी-सिद्धी गजानन्द मित्र मंडल शंकरपुरा चौराहा जिंसी,श्री राम मंदिर मालियो का मोहल्ला मेहंदी बाग टोंक सहित 19 मन्दिरों एवं मंडलों की गणेशजी झांकियां के साथ अपने प्रतिनिधि अपनी-अपनी प्रतिमाओं की झांकियों के साथ चल रहे थे। शोभायात्रा का मार्ग में धर्मावलम्बियों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया एवं गणेश जी की प्रतिमाओं की पूजा-अर्चना की गई। शोभायात्रा घंटाघर होते हुये चतुर्भज तालाब पहुंची, जहां महाआरती के पश्चात गणपति बप्पा मोरिया के जयघोष के साथ सभी गणेश प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया। इस दौरान शहर में जगह-जगह पुलिस का भारी जाब्ता तैनात था।कोतवाली पुलिस थानाधिकारी भंवर लाल वैष्णव,मेहंदवास पुलिस थानाधिकारी ओमप्रकाश सहित पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

शोभायात्रा में पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, भाजपा जिला महामंत्री प्रभू बाडोलिया, विष्णु शर्मा, बेणी प्रसाद जैन, कमलेश यादव, राजेन्द्र सैनी उर्फ बबलू टैंकर, विनायक जैन, राजेन्द्र पराणा आदि शामिल थे। शोभायात्रा घंटाघर होते हुये चतुर्भज तालाब पहुंची, जहां महाआरती के पश्चात गणपति बप्पा मोरिया के जयघोष के साथ विसर्जन किया गया।

## प्रभारी सचिव डॉ. पृष्टि ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला प्रभारी एवं प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, डॉ. देबाशीष पृष्टी ने शनिवार को सूरवाल एवं खण्डार के अतिवृष्टि एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर बाढ़ से हुए नुकसान एवं हालातों की जानकारी ली और आश्वस्त किया कि राज्य सरकार प्रभावितों को हर संभव सहायता एवं त्वरित राहत प्रदान करेगी। निरीक्षण के दौरान सूरवाल बाँध के ओवरफ्लो से उत्पन्न जलभराव, क्षतिग्रस्त सडक़ों तथा मानसरोवर बाँध क्षेत्र स्थित बोदल-ओघड़ पुलिया की स्थिति का अवलोकन कर त्वरित जल निकासी के उचित प्रबंध के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। साथ ही, राजस्व विभाग को शत-प्रतिशत गिरदावरी कर शीघ्र मुआवजा प्रक्रिया प्रारंभ करने, सार्वजनिक निर्माण विभाग को क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को फॉगिंग एवं एंटी-लार्वा गतिविधियाँ संचालित करने एवं प्रभावित ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया और उपखंड अधिकारी दामोदर सिंह को दिए। जल संसाधन विभाग को सूरवाल बाँध से अतिरिक्त जल निकासी बनास नदी में करने की तकनीकी रिपोर्ट शासन को भेजने तथा मानसारोवर बांध से अधिकतम जल निकासी अनुसार भविष्य की परिस्थितियों को ध्यान में रखकर जल संसाधन विभाग से समन्वय स्थापित कर बोदल-ओघड़ पुलिया के स्थान पर नई पुलिया निर्माण करने के निर्देश एनएचएआई अधिकारी को दिए।

## जयकारों से गूंजा कनेसर तेजाजी का मंदिर, रात भर हुआ जागरण

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** गाँव कनेसर में तेजाजी मेले को लेकर शुक्रवार रात को भव्य जागरण का आयोजन हुआ। मेला समिति के विनोद कनेसर एवं मंच संचालनकर्ता राजेश कनेसर ने बताया कि कनेसर तेजाजी के मेले पर जागरण का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें बासखो, मित्रपुरा, बौंली, छान्देल, केशवपुरा, कोटखावदा, नोहटा, बासडा, लाखनपुर, राहोली, फागी, सेदरिया, कौथुन, श्यामपुरा कला, चैनपुरा, गोपालरा, सुरसरा, पहाडी, गुंसी चनानी, हरभांवता, बौंली, बिडोली व झिलाय सहित कई गांवों के तेजा भजन मंडलियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जागरण मेले में कई घोडले भी आये कई दुख दुखयारे सहित कई जानवरों के पाती बांधकर इलाज किया गया।

# जलदाय मंत्री चौधरी ने किया लाभार्थियों से सीधा संवाद

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने शनिवार को मालपुरा प्रवास पर रहकर नगर पालिका मालपुरा की और से आयोजित सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद कर पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित किया।



चौधरी ने केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी का लाभ लेकर विकास में शामिल होवे। जलदाय मंत्री ने कहा कि मालपुरा शहरी क्षेत्र में वर्ष 2025- 26 में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के सर्वे के बाद 997 परिवारों को चिन्हित किया गया है। जिसमें से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 186 लाभार्थियों को प्रथम किस्त का आवंटन किया। योजना के तहत पक्का आवास निर्माण के लिए प्रत्येक लाभार्थी को कुल 2 लाख 50 हजार रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि मालपुरा क्षेत्र उनकी अपनी विधानसभा का क्षेत्र है क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने मालपुरा शहरी क्षेत्र में आमजन से जुड़ी सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान आगामी चार माह में करने का आश्वासन दिया। समारोह में जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी व पालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी ने लाभार्थियों को कियोस्क आवंटन के पत्र सौंपे। समारोह के दौरान पालिका के कनिष्क तकनीकी सहायक कनिष्क कुमावत के कार्यों की प्रशंसा की। समारोह के दौरान उपखंड अधिकारी अमित कुमार चौधरी, अधिशासी अधिकारी नायब तहसीलदार हंसराज जाट, पालिका के कनिष्क सहायक मोहित विजय भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेंद्र मेहन्दवास्या , पूर्व अध्यक्ष त्रिलोक चंद जैन, आयोजना समिति सदस्य डॉक्टर अंकित जैन, प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट, राजेंद्र कोठारी, पुरूषोत्तम सैनी, रमाकांत पटेल, दिनेश विजय, नवनिर्वाचित पार्षद पूजा लोदी, राजेश सहित नगर पालिका के पार्षद मौजूद रहे।

## खेलकूद प्रतियोगिता में दिव्यांगजन दिखाएगें अपनी प्रतिभा- दिनेश जलुथरिया

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** अपर जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दिनेश कुमार जलुथरिया ने शनिवार को विमंदित मानसिक पुनर्वास गृह, मानव धर्म सेवा संस्थान देवली में रालसा स्पोटर्स फॉर अवेयरनेस उड़ान 2.0 का मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके एवं फीता काटकर विधिवत उदघाटन किया । सचिव दिनेश कुमार जलुथरिया ने कहा है कि दिव्यांगजन के प्रति समाज में संवेदनशीलता का होना आवश्यक है। दिव्यांगजनो के सपनों को साकार करने के लिए रालसा की ओर



से खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित किए जाने की पहल की गई है। उन्होंने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता में दिव्यांगजन अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे।

उन्होंने प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए कहा कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आने वाली टीम एवं एकल प्रतिभागी सम्भाग स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे साथ ही सम्भाग स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। प्रतियोगिताओं में अंतिम रूप से विजेता टीम एवं प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया जाएगा।उन्होंने कहा कि सभी ब्लॉक में प्रतियोगिताओं के बाद जिला स्तरीय प्रतियोगिता 19 सितम्बर को जिला मुख्यालय, टोंक में आयोजित की जाएगी। उदघाटन समारोह में प्रधानाचार्य महेश शर्मा एवं छात्रावास अधीक्षक आशा शर्मा उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय साहित्य परिषद के सुरेश बुन्देल जिलाध्यक्ष व हनुमान बादाम जिला महामंत्री मनोनीत

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** शनिवार को देश के सबसे बड़े साहित्यिक मंच अखिल भारतीय साहित्य परिषद की टोंक जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। पर्यवेक्षक डॉ. नरेश कुमार वर्मा ने बताया कि जयपुर प्रान्त के अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश भार्गव के निर्देशानुसार गीता मन्दिर समिति कार्यालय में अखिल भारतीय साहित्य परिषद की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्व सम्मति से जिला कार्यकारिणी का जिलाध्यक्ष सुरेश बुन्देल और जिला महामंत्री हनुमान बादाम को मनोनीत किया गया। जिला संरक्षक आर. एल. दीपक (मालपुरा)




व पारस चन्द जैन (देवली), जिला उपाध्यक्ष किशन लाल जाट (बनेठा) व केदार शर्मा (टोंक) और जिला संयुक्त मन्त्री दयाशंकर शर्मा (पीपलू) को मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर परिषद के ममता जाट मंजुला, मुजीब अता आजाद आदि मौजूद रहे।

अतिवृष्टि प्रभावितों तक त्वरित राहत पहुंचाए-अर्चना सिंह

# फसल खराबे का जल्द आंकलन करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** टोंक जिले की प्रभारी सचिव अर्चना सिंह ने जिले में अतिवृष्टि से हुए हालातों की समीक्षा करते हुए प्रभावितों को हर संभव सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए है। जिला कलेक्टेऊट सभागार में शनिवार को आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि इस संबंध में अधिकारी आमजन से प्राप्त समस्याओं का त्वरित समाधान करें। जिला प्रभारी सचिव ने गिरदावरी फसल नुकसान के सर्वे, पीएम फसल बीमा योजना के दावों, मुआवजा प्रक्रिया की समीक्षा कर इस कार्य में पारदर्शिता एवं तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिवृष्टि के दौरान हुई जन व पशु हानि, लोगों के घरों व सम्पश्रि के हुए नुकसान का आंकलन कर आर्थिक सहायता के प्रस्ताव भिजवाए जाएं, ताकि समय पर उनकी मदद की जा सके।

प्रभारी सचिव ने बारिश के बाद मौसमी बीमारियों को लेकर सीएमएचओं शैलेन्द्र सिंह चौधरी को सतर्क रहने के निर्देश दिए। जल भराव वाले क्षेत्रों एंटी लार्वा गतिविधियों को अंजाम दिया जाएं। रेपिड रेस्पोन्स टीम निर्धारित एसओपी के अनुसार कार्य करें। उन्होने पशुओं की बीमारियों को लेकर पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक छोटू लाल बैरवा को प्रो. एक्टिव रहने के निर्देश दिए।

प्रभारी सचिव ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक शहर चलो अभियान एवं 18 सितम्बर से गांव चलो अभियान चलाया जाएगा। जनोपयोगी कार्य सम्पादित करने के लिए इस अभियान का व्यापक प्रचार सुनिश्चित किया जाएं। साथ ही आमजन को दिए जाने



वाले लाभ की पूर्व तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि 2 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक सहकार सदस्यता अभियान भी संचालित किया जाएगा। उन्होंने जिला प्रशासन को तीनों अभियान सफल बनाने के निर्देश दिए।

प्रभारी सचिव ने जिले के पंच गौरव की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए प्रभावी कार्य योजना बनाकर इनके विकास को लेकर कार्य करने को कहा। उन्होंने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सुशीला करनानी एवं आईसीडीएस की उप निदेशक सरोज मीना को स्कूलों एवं आंगनबाडियों के रिपेयर एवं रेस्टोरेशन के कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने सभी अधिकारियों को समीक्षा बैठक में दिए निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम रामभरत सौंकरियां, सीईओ परशुराम धानका, उप वन संरक्षक मरिय शाइन ए, एसडीओं हुक्मीचंद रोहलानिया, एसीईओ ललित कुमार समेत सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

खेतों में जाकर देखा फसल खराबा

टोंक जिले की प्रभारी सचिव अर्चना सिंह ने उपखण्ड निवाई के ग्राम पहाड़ी के खेतों में जाकर जलमग्न फसलों का निरीक्षण किया। प्रभावित किसानों से बात कर उन्हें सरकार से हर संभव मदद का भरोसा दिया किसानों ने बताया की उनकी मूंग, मूंगफली, ज्वार, बाजरा, की फसल अत्यधिक बारिश से गल गई है। साथ ही खेतों में पानी भरा होने के कारण रबी की फसल के लिए भी परेशानी होगी। जिला प्रभारी सचिव ने मौके पर पटवारी मनोज कुमार द्वारा की गई ई गिरदावी की प्रक्रिया को देखा तथा कियानों को स्वयं गिरदावारी करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निवाई के उपखण्ड अधिकारी रामकरण सिंह, तहसीलदार नरेश गुर्जर भी मौजूद रहें।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पीसीसी चीफ डोटासरा आज मूर्ति अनावरण समारोह में शामिल होंगे

**बढ़ता राजस्थान। भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा 7 सितंबर, रविवार को भुसावर उपखंड के सलेमपुर कला में शहीद सत्येंद्र सिंह चौधरी की मूर्ति अनावरण समारोह में शामिल होंगे। कांग्रेस संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि डोटासरा जयपुर से चलकर सीधे सलेमपुर (भुसावर) पहुंचेंगे। इससे पहले सुबह 10 बजे महुआ (मंडावर) में पुलिया के नीचे हिंडौन रोड पर, भरतपुर कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा के नेतृत्व में जिलेभर के कांग्रेसजन उनका भव्य स्वागत करेंगे।

### आरती के बाद गणेश प्रतिमा को विसर्जन के लिए रवाना किया



**बढ़ता राजस्थान। मालपुरा (नि.स.)।** आदर्श नगर वार्ड पार्षद व जिला आयोजना समिति सदस्य टोंक डॉ अंकित जी जैन और आदर्श नगर शिव युवा सेवा समिति के तत्वाधान में आदर्श नगर में स्थापित श्री गणेश जीजी की आरती कर हरी झंडी दिखाकर विसर्जन हेतु किया गया रवाना । इस अवसर पर मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद डॉ अंकित जी जैन और आदर्श नगर के सभी ( संदीप वैष्णव,निर्मल वैष्णव,संतोष गौड़,शुभम सैनी ,अंकुश सोनी,हिमांशु सोनी ,आदिश जैन,राजश्री, कृष्णा सोनी,जैन,भुवनेश्वर ,अभिषेक जैन,राजाराम चौधरी,मयंक,शिवांश,यक्ष,श्रवण जैन आदि सदस्य उपस्थित रहे ।

### वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा में सुबह 9बजे बाद नहीं मिलेगा प्रवेश

**बढ़ता राजस्थान। टोंक, (का.स.)।** जिले में लगातार भारी बारिश हो रही है। जिला मुख्यालय पर 7 से 12 सितंबर तक आयोजित होने वाली वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा में किसी भी परिस्थिति में सुबह 9 बजे बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया ने बारिश के मौसम को देखते हुए अभ्यर्थियों से अपील करते हुए कहा है कि समय का विशेष ध्यान रखें और पूर्व में ही निर्धारित समय पर अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंच जाए,ताकि अंतिम समय किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो। परीक्षा केंद्र पर प्रवेश सुबह 9बजे बाद बंद हो जाएगा।

### सोशल मीडिया पर अशोभनीय पोस्ट डालने के आरोप में दो गिरफ्तार

**बढ़ता राजस्थान। निवाई (का.स.)।** पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा के आदेशानुसार बृजेन्द्र सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार पुलिस उपाधीक्षक मृत्युंजय मिश्रा के निकट सुपरविजन में सदर थाना पुलिस ने कारवाई करते हुए दो युवकों को सोशल मीडिया पर अशोभनीय पोस्ट डालकर सामाजिक सौहार्द बिगाडने के आरोप में गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हीरालाल वर्मा ने बताया कि सोशल मीडिया फेसबुक पर अशोभनीय पोस्ट डालकर सामाजिक सौहार्द बिगाडने के आरोप में रामस्वरूप गुर्जर पुत्र कजोडमल गुर्जर व राजेन्द्र गुर्जर पुत्र गोपाल गुर्जर जोधपुरिया को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को गिरफ्तार करने में रूपसिंह, गजराज, पायलेट, बलवंत, दिनेश व दयालचंद की अहम भूमिका रही है।

### अवैध हथियार के साथ एक गिरफ्तार, अवैध बजरी से भरा ट्रक जब्त



**बढ़ता राजस्थान। निवाई (का.स.)।** निवाई थाना पुलिस ने बिना लाइसेंसी अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रक को भी जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति निवाई से जोधपुरिया रोड पर पैदल जा रहा है जिसके पास अवैध हथियार है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को रुकने के लिए कहा। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा तो पुलिस ने उसको रोका और उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान एक सफेद कट्टे में एक टोपीदार बंदूक मिली। पुलिस ने बंदूक का लाइसेंस मांगा तो उसने लाइसेंस नहीं होना बताया। इस पर आरोपी बद्रीनारायण बावरिया निवासी पंप हाउस के पास जोधपुरिया को गिरफ्तार कर लिया और बंदूक को जब्त कर लिया।

## आपदा प्रबंधन और योजनाओं की समीक्षा बैठक

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)** । शनिवार को जिला प्रभारी सचिव एवं ऊर्जा विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री अजिताभ शर्मा ने मिनी सचिवालय के कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में आपदा प्रबंधन, अतिवृष्टि से हुए नुकसान, विभागीय कार्य और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।




बैठक में प्रभारी सचिव ने अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी विभागों को अलर्ट मोड पर रहने, प्रभावित क्षेत्रों में मुआवजे के प्रस्ताव भेजने और फसलों, निजी संपत्ति एवं पशुहानि की शीघ्र राहत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सिंचाई और विद्युत विभाग को बांधों और विद्युत उपकरणों की स्थिति पर निगरानी रखने, मरम्मत और सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कृषि और पशुपालन विभाग को खरीफ फसल का सर्वेक्षण और बीमा दावों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेने के साथ ही समयबद्ध मुआवजा कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। चिकित्सा विभाग को वर्षा के दौरान संभावित मौसमी बीमारियों के लिए सतर्क रहने और दवाइयों की पर्याप्त व्यवस्था करने का निर्देश मिला।

प्रभारी सचिव ने शहर चलो अभियान, गांव चलो अभियान, सहकारिता सदस्यता अभियान सहित प्रधानमंत्री कुसुम योजना, पीएम सूर्य घर योजना और अन्य फ्लैगशिप योजनाओं की प्रभावी कार्यान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियानों के कैंपों की मॉनिटरिंग कर आमजन की शिकायतों का पूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए।

बैठक के बाद प्रभारी सचिव ने शिवाजी पार्क क्षेत्र में पीएम सूर्य घर योजना के तहत स्थापित 5 किलोवाट क्षमता के रूफटॉप सोलर संयंत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थापना प्रक्रिया, वेंडर चयन, सब्सिडी व लोन प्रक्रिया और स्मार्ट मीटर व्यवस्था का मूल्यांकन कर कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ, एडीएम, जिला परिषद, यूआईटी, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, कृषि, पशुपालन, सिंचाई और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### न्यूज़ ब्रीफ

## शिक्षक दिवस पर 21वीं सदी की शिक्षा में शिक्षकों की बदलती भूमिका पर चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)** । राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में शिक्षक दिवस के अवसर पर एस.बी.आई राजगढ़, महा.आंतरिक गुणवत्ता जाँच समिति एवं राजस्थान राज्य महिला नीति-2021 के संयुक्त तत्वावधान में 21वीं सदी की शिक्षा में शिक्षकों की बदलती भूमिका विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. के.एल. मीना ने कहा कि 21वीं सदी के शिक्षक के सामने ऐसी छात्र तैयार करने की चुनौती होगी जिसमें विषयगत ज्ञान, कौशल, कुशल संचार, डिजिटल साक्षरता, आलोचनात्मक सोच, डेटा विश्लेषण क्षमता और नैतिक जागरूकता पर जोर दिया जाए। मुख्य वक्ता बैंक प्रबंधक रामबाबू मीना ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों से संबंधित बैंकिंग सुविधाओं, कृषि ऋण और रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी दी। डॉ. देशराज वर्मा ने बताया कि शिक्षक हमेशा छात्र के जीवन में सबसे बड़ा प्रभाव डालते रहे हैं और डिजिटल तकनीक ने शिक्षा के तरीके में बड़े बदलाव ला दिए हैं। इस अवसर पर राजस्थान राज्य महिला नीति 2021 की कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रजनी मीना, बैंक कर्मी मनीष, विनोद मीना, तपन, शिव कुमार जांगिड, महाविद्यालय के आचार्यगण, छात्र-छात्राएँ और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहसंयोजक प्रो. सुमेर सिंह बैरवा ने किया और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. पूरणमल मीना ने दिया।

## शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ (सुभाष यादव)**। लायंस क्लब बहरोड़ किंग्स और उपवन दा गार्डन सिटी चंदन केसर कदम्ब के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक दिवस के अवसर पर भव्य शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामकला यादव रहे।



मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि श्रेष्ठ शिक्षक ही श्रेष्ठ समाज और श्रेष्ठ देश का निर्माता होता है। उन्होंने कहा कि एक अच्छे शिक्षक का समाज निर्माण में अत्यधिक योगदान होता है और शिक्षकों का सम्मान करना गर्व की बात है। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हुई।

क्लब अध्यक्ष लायन एमजेएफ दिनेश अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सरकारी और निजी विद्यालयों के 104 शिक्षकों और शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। विशिष्ट अतिथि गजेंद्र यादव ने कहा कि लायंस क्लब बहरोड़ किंग्स क्षेत्र में सेवा कार्यों से एक विशिष्ट पहचान बना रहा है और इस वर्ष उपखंड स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में उपस्थित होना उनके लिए गर्व की बात है। सोसाइटी अध्यक्ष सत्यवती यादव ने कहा कि विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच बनी खाई को पाटना अति आवश्यक है। सह आयोजक सियाराम यादव ने कहा कि श्रेष्ठ शिक्षकों का सम्मान करने का अवसर मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है।

क्लब के मेंबरशिप कमेटी चेयरमैन लायन प्रमोद अग्रवाल ने मंच संचालन करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में आचरण के बदलाव हेतु शिक्षकों को स्वयं अपने आचरण में बदलाव लाना होगा। उन्होंने मोबाइल के प्रभाव से बच्चों को दूर करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में क्लब के चार्टर अध्यक्ष लायन राकेश रोहिल्ला, राकेश अग्रवाल, निर्मल कौशिक, कविता गुप्ता, प्यारेलाल सैनी, मनोज अग्रवाल, डॉ. मनीष अग्रवाल, नवीन गोयल, संदीप अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, राकेश गोयल, उमेश यादव, अनिल महेंद्र सेन, चिराग शर्मा, डॉ. वीरेंद्र सिंह, आलोक अग्रवाल सहित कार्यक्रम संयोजक बुधसिंह यादव और हनु अग्रवाल समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## जश्ने-ईद-मिलादुन्नबी पर रक्तदान शिविर में 101 यूनिट रक्तदान



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)**। शुक्रवार को जश्ने-ईद-मिलादुन्नबी का पर्व बड़े श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। शहर के दशहरा मैदान के पास करबला की धरती पर आयोजित कार्यक्रम में मुस्लिम समुदाय के युवाओं ने रक्तदान शिविर लगाकर लोगों को इंसानियत का संदेश दिया। कार्यक्रम में डिप्टी एसपी शहर अंगद शर्मा और शिवाजी पार्क थाना प्रभारी विनोद सामरियां भी उपस्थित हुए और रक्तदान कर रहे युवाओं का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम संयोजक मंडल के एच ए खान ने बताया कि यह अवसर मोहम्मद साहब के जन्मदिवस के रूप में याद किया गया, जहां उनके सामाजिक कार्यों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर युवाओं ने 101 यूनिट रक्तदान कर समाज को एक अनमोल उपहार दिया और संदेश दिया कि रक्तदान से किसी की जान बचाना हर इंसान का कर्तव्य है।

## गायत्री शक्तिपीठ अलवर में श्राद्ध तर्पण कल से

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। गायत्री परिवार ट्रस्ट करौली कुण्ड अलवर द्वारा गायत्री शक्तिपीठ अलवर पर रविवार से प्रातः 07 बजे से पितृ पक्ष के दौरान प्रतिदिन वैदिक रीति से श्राद्ध तर्पण का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर तर्पण के बाद गायत्री यज्ञ भी संपन्न होगा।

गायत्री परिवार की ओर से प्रतिदिन तर्पण से संबंधित सभी पूजन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। यह संस्कार गायत्री शक्तिपीठ के परिव्राजक द्वारा संपन्न कराया जाएगा। मान्यता है कि इस वैदिक संस्कार के माध्यम से पितृदोष की निवृति होती है और पितरों की मुक्ति या उत्तम लोक की प्राप्ति संभव होती है।

## राजाखेड़ा में करणी सेना की विशाल जनसभा, शिक्षा और समाजिक एकता पर जोर

बढ़ता राजस्थान

**राजाखेड़ा** । काका गार्डन में शनिवार को राजपूत राष्ट्रीय करणी सेना की ओर से विशाल जनसभा आयोजित की गई। इस अवसर पर हजारों राजपूत समाज के लोग एकत्रित हुए और संगठन की एकजुटता का संदेश दिया।

सभा की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष शीला सुखदेव सिंह गोगामेड़ी रही। उन्होंने कहा कि संगठित रहोगे तो बचोगे, बंटोगे तो कटोगे। हर परिस्थिति में समाज के हित की रक्षा के लिए एकजुट रहना आवश्यक है। सभा की अध्यक्षता पूर्व विधायक मनोरमा सिंह ने की। उन्होंने युवा वर्ग के शिक्षित होने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शिक्षा समाज के विकास की मूलभूत आवश्यकता है। नगरपालिका अध्यक्ष बीरेंद्र सिंह जादौन ने समाज की एकता पर बल देते हुए कहा कि केवल अपने समाज तक सीमित न रहकर अन्य समाजों को भी साथ लेकर आगे बढना चाहिए। राष्ट्रीय प्रवक्ता सत्यपाल सिंह भदावर ने बताया कि इस सभा में करणी सेना के तमाम पदाधिकारी उपस्थित थे और अपने विचार रखे। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि समाज अन्याय बर्दाश्त नहीं करेगा और युवा वर्ग को सही मार्ग पर लाने की जिम्मेदारी पूरे समाज की है। सभा का माहौल सामाजिक एकता, जागरूकता और संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में समर्पित रहा।

## श्री रामकथा के सातवें दिन अयोध्या काण्ड व आरण्य काण्ड का वाचन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)**। स्कीम 2 स्थित श्री वैकुंठधाम मंदिर में माता हरिद्वारगिरी जी की पुण्यतिथि पर 31 अगस्त से आयोजित श्री रामकथा के सातवें दिन अयोध्या काण्ड का समापन कर आरण्य काण्ड का वाचन किया गया। कथा का संचालन श्री 108 सुमेर गिरी महाराज ने किया, जिन्होंने धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की विवेचना करते हुए कहा कि धर्म की राह से मोक्ष और अर्थ की राह काम की ओर ले जाती है, इसलिए मनुष्य को सदैव धर्म और प्रभुभक्ति में लगे रहना चाहिए।



कथावाचक ने बताया कि आरण्य काण्ड में महासती माता अनुसुइया ने देवी सीता को दिव्य आभूषण और वस्त्र प्रदान किए, जिन्हें 14 वर्ष तक न मलिन और न गंदा होने का वरदान मिला। कथा में भजन और कीर्तन के माध्यम से श्रोताओं में भावपूर्ण वातावरण बना, जिसमें कई लोगों की आँखों में आंसू बह गए।

यजमान सौरभ कालरा ने बताया कि कथा में सीताराम जी की झांकी सजाई गई और बारी-बारी से आरती उतारी गई। संयोजक अर्पित शर्मा ने बताया कि दौलत राम चंदवानी, बाबूलाल जुनेजा, किशन कालरा, मुकेश छाबड़ा, साहिल सैनी, मनोज राव सहित कई सेवादार व्यवस्था संभाल रहे हैं। 8 अक्टूबर को चंद्रग्रहण के कारण एक दिवसीय विराम रहेगा, जबकि 9 अक्टूबर को कथा का पूर्ण विश्राम के साथ हवन और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने नारायणी माता धाम में की पूजा-अर्चना



बढ़ता राजस्थान

**अलवर** । शनिवार को उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने टहला तहसील के ग्राम बलदेवगढ़ स्थित अखिल भारतीय नारायणी धाम में जाकर जगत जननी नारायणी माता के सपरिवार दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की मंगलकामना की। इस अवसर पर उन्होंने श्री सेन जी महाराज के वार्षिक पद-यात्रा महोत्सव 2025 में शिरकत कर समाज की प्रतिभाओं का सम्मान भी किया। डॉ. बैरवा ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान और संतजन की प्रेरणाओं के अनुसार 'निरामय और समृद्ध राजस्थान' के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

उप मुख्यमंत्री ने बालिका शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शिक्षित बेटियां सामाजिक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और उन्हें बेटों के समान अवसर प्रदान करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थल मनुष्य में सकारात्मकता की भावना पैदा करते हैं और नारायणी माता धाम ऐसे स्थलों में अग्रणी है।

इस अवसर पर अखिल भारतीय नारायणी धाम के अध्यक्ष श्री विनोद खरेल, श्री दुर्गादास करेड़ा, श्री हरिराम, श्री कन्हैयालाल सैन सहित प्रबुद्धजन और आमजन उपस्थित रहे।

## राजगढ़-रैणी में श्रमजीवी पत्रकार संघ उपशाखा का शपथ ग्रहण समारोह

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)** । शनिवार को गोठ की चौकी स्थित जी.एस. पब्लिक स्कूल में श्रमजीवी पत्रकार संघ उपशाखा राजगढ़-रैणी की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ विधायक मांगेलाल मीना रहे, जबकि अध्यक्षता रैणी प्रधान मीरा मांगेलाल मीना ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि विधायक मांगेलाल मीना ने कहा कि पत्रकार जनता की समस्याओं को उजागर करके प्रशासन तक पहुँचाते हैं। उन्होंने नवीन कार्यकारिणी को बधाई देते हुए निष्पक्ष और संगठित रूप से कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने पत्रकार संगठन के लिए राजगढ़ में जमीन आवंटन में सहयोग का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष चंदशेखर शर्मा, लायंस क्लब के प्रांतीय सलाहकार डॉ. खेमसिंह आर्य, समाजसेवी एन.एल. वर्मा, आदिवासी मीना समाज के प्रदेशाध्यक्ष अमरचंद मीना फौजी सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। इस अवसर पर पत्रकार सुरक्षा कानून और पत्रकारों पर हो रहे अत्याचारों पर भी चर्चा की गई। नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारी जिन्होंने शपथ ली, उनमें उपाध्यक्ष नागपाल शर्मा, महासचिव रतन तिवाड़ी, संगठन मंत्री अमन जैन, कोषाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, सचिव महेंद्र मीना, मीडिया प्रभारी नेमी नीमला सहित अन्य सदस्य शामिल थे। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोगों ने उन्हें माला व साफा पहनाकर स्वागत किया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



## न्यूज ब्रीफ

### बाढ़-बारिश नुकसान पर तत्काल विशेष राहत पैकेज की घोषणा करें केंद्र : मनोज दुबे

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़)।** भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर पंजाब सहित देशभर में बाढ़-बारिश से मची भारी तबाही पर गहरी चिंता प्रकट करते हुए केंद्र सरकार से तत्काल विशेष राहत पैकेज की घोषणा करने की मांग की है। दुबे ने कहा की पंजाब सहित देशभर में अलग-अलग प्रदेशों में लगातार बारिश ने भारी तबाही मचाई है,पंजाब में सबसे ज्यादा प्रभाव देखा गया है,बाढ़ में अब तक 43 लोगों की जान जा चुकी है। पंजाब भयावह बाढ़ की चपेट में है।1900 से ज्यादा, डूब गए है। आपदाग्रस्त पंजाब में हर इंसान कुदरत से जंग लड़ रहा है।पंजाब सहित देश के अधिकांश राज्यों में बाढ़ से हालात गंभीर हैं,लाखों मकान टूट गए,फिर भी राहत पैकेज की घोषणा में देरी क्यों की जा रही पंजाब,उत्तराखंड, हरियाणा,राजस्थान,जम्मू कश्मीर, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, बिहार, दिल्ली सहित देश के कई राज्यों में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश और बाढ़ ने तबाही मचा रखी है।

### उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म पर्व एवं अनंत चतुर्दशी पर्व मनाया

बढ़ता राजस्थान

**चाकसू (गिरिराज प्रसाद शर्मा)।** दशलक्षण पर्व के तहत शनिवार को उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म पर्व एवं अनंत चतुर्दशी पर्व मनाया गया । दिगंबर जैन समाज बालवाड़ी के अध्यक्ष दिनेश गंगवाल तामडिया एवं महामंत्री अजय गंगवाल ने बताया कि दशलक्षण धर्म पर्व के तहत आज दसवें दिन उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म पर्व एवं अनंत चतुर्दशी पर्व बड़े ही भक्ति भाव एवं श्रद्धा पूर्वक मनाया गया ।प्रातः अभिषेक, शांति- धारा के पश्चात उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा, सोलहकारण जी की पूजा, चौबीस भगवान की पूजा, दशलक्षण विधान की पूजा, रत्नत्रय की पूजा आदि की गई एवं अर्घ्य चढ़ायें गये। इसी के साथ ही बारहवें तीर्थंकर भगवान वासुपुज्य जी का मोक्ष कल्याणक पर्व भी बड़े भक्ति- भाव एवं पूजा -विधान द्वारा मनाया गया एवं निर्वाण लड्डु चढ़ाया गया । कर्म निर्जरा के तीन दिन के तेला करने वाले रिंकी गंगवाल ,आदर्श गंगवाल एवं शुभ गंगवाल का आज अंतिम उपवास रहा । सभी ने पूरे दिन मंदिर जी में रहकर जप- तप माला -पाठ आदि किये।

### राष्ट्र उन्नति की भावना के साथ गांधी दंपति ने सपरिवार गणेश जी का किया विसर्जन

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** राष्ट्र उन्नति की भावना के साथ गांधी दंपति डॉ. नयन प्रकाश गांधी एवं एम बी इंटरनेशनल स्कूल की शिक्षिका प्रीति गांधी ने अपने सुपुत्र भूअंश गांधी के साथ सपरिवार चर्मण्यवती (चंबल) नदी में इकोफ्रेंडली गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया। यह प्रतिमा गौ माता के गोबर एवं मिट्टी लेप से निर्मित थी, जिसे अनंत चतुर्दशी के शुभ अवसर पर कोटा शहर के कराई के बालाजी क्षेत्र से हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में विसर्जित किया गया।डॉ. गांधी ने बताया कि पर्यावरण सुरक्षा के लिए इकोफ्रेंडली गणेश प्रतिमा का महत्व अत्यंत बढ़ गया है। पारंपरिक प्लास्टर ऑफ पेरिस और केमिकल रंगों की जगह गौ माता के शुद्ध गोबर व प्राकृतिक मिट्टी से बनी प्रतिमा न केवल धार्मिक आस्था के अनुरूप है, बल्कि इसके जल में मिलने से नदी की शुद्धता और जैव विविधता भी सुरक्षित रहती है। पर्यावरण वैज्ञानिकों के अनुसार, कोटा की जीवंत चंबल (चर्मण्यवती) नदी पर शहरी प्रदूषण, केमिकल कचरा व प्लास्टिक का प्रभाव बढ़ता रहा है ,जिससे न सिर्फ जल जीव, बल्कि मानव स्वास्थ्य पर भी संकट है। इकोफ्रेंडली प्रतिमा विसर्जन जैसे अभियान नदी के प्रदूषण रोकने में सीधे लाभकारी सिद्ध होते हैं। गांधी ने कहा कि धार्मिक आयोजन प्रकृति के अनुरूप हों, तो राष्ट्र उन्नति के साथ भविष्य पीढ़ी को स्वस्थ पर्यावरण की विरासत भी मिलेगी।

## गणेश चतुर्दशी शोभा यात्रा मे 2 लाख से अधिक लोग हुए सम्मिलित

# कोटा में उमड़ा आस्था का सैलाब...



राजनीतिक चेहरे भी धार्मिक शोभा यात्रा में हाथ दिखाने उतरे -ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर और कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा



ऑपरेशन सिंदूर को दिखाती झांकी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा मे गणेश चतुर्दशी के गणेश विसर्जन महोत्सव पर विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का मार्ग सूरजपोल गेट से प्रारंभ होकर के केथूनिपोल लालबुर्ज सब्जीमंडी, बजाज खाना, होता हुआ रामपुरा से हिंदू धर्मशाला के बाद सीधा बारादरी पर जाकर समाप्त हुआ। इसमें शहर के गणेश पांडालो से मूर्तियां विसर्जन के लिए इस मार्ग पर लाई गयी।

### लोकसभा अध्यक्ष ने किया अखाड़ो का स्वागत

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अखाड़े के उस्टेजों का अभिवादन करते हुए माला पहनाकर स्वागत किया। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर सहित कई प्रबुद्धजन भी शोभायात्रा में मौजूद रहे।



राजमा पास्ता के भी गणेश

### प्रदेश की सबसे बड़ी शोभायात्रा

करीब 5 किलोमीटर लंबी इस शोभायात्रा का 25 जगह जोरदार स्वागत किया गया। शोभायात्रा में 75 अखाड़े, 120 झांकियां, सम्मिलित हुई।

### अखाड़ो के प्रदर्शन ने रोमांचित किया

शोभायात्रा में तलवारबाजी का प्रदर्शन किया। शोभायात्रा के दौरान अखाड़ेबाजों ने कई तरह के हैरतअंगेज करतब दिखाए। महिला अखाड़ा ने भीशारीरिक व्यायाम के नए-नए करतब दिखाएं पारंपरिक खेलों को नए तरीके से प्रदर्शित किया। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के साथ कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने शोभायात्रा में तलवार के साथ प्रदर्शन किया। टावरों से पूरी शोभायात्रा पर नजर रखी जा रही है। पूरे मार्ग पर 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी निगरानी अभय कमांड सेंटर पर पुलिस अधिकारी कर रहे हैं। साथ ही पुलिस अधिकारी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी कड़ी निगरानी रख रहे हैं।

### पुलिस-प्रशासन की चाक-चौबंद तैयारियां चप्पे-चप्पे पर रही पुलिस

4000 जवान, 20 ऐ एस पी, 30 डी एस पी, 50 सीआई और 10 ड्रोन के साथ 200 कैमरों निगरानी रही साथ ही पुलिस की टोलिया पुरे मार्ग मे लगातार गस्त करती रही। अभय कमांड सेंटर से स्पेशल सॉफ्टवेयर के जरिए शोभायात्रा मार्ग की होगी हाईटेक मॉनिटरिंग जिला के मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी नरेंद्र नागर भी कितनी पल थाना कंट्रोल सेंटर पर मौजूद रहे।

# सांवलियाजी में जलझूलनी एकादशी मेले का समापन

बढ़ता राजस्थान

चित्तौड़गढ़ (संजय खाबिया)। मंडफिया स्थित कृष्णधाम श्री सांवलियाजी मंदिर में तीन दिवसीय जलझूलनी एकादशी मेला सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### दिव्यांगों को स्कूटी वितरण

समापन समारोह में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 51 दिव्यांगजनों को मोटोराइज्ड स्कूटी वितरित की गई। इन स्कूटियों से उनकी गतिशीलता और स्वतंत्रता में वृद्धि होगी तथा वे समाज की मुख्यधारा से बेहतर ढंग से जुड़ सकेंगे।

### मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

इस अवसर पर 16 गांवों के 12 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। उन्हें प्रत्येक को 15 हज़ार रुपये के चेक प्रदान किए गए ताकि उनकी शिक्षा को प्रोत्साहन मिल सके और वे उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित हों।





### सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

मेले के अंतिम दिन एक भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया गया। इसमें विभिन्न कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भक्तिरस से सराबोर भजनों और लोकनृत्यों की प्रस्तुतियों ने वातावरण को आनंदमय बना दिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सी.पी. जोशी और विधायक अर्जुन लाल जीनगर उपस्थित रहे। इस अवसर पर रतनलाल गाडरी, मंदिर मंडल अध्यक्ष जानकीदास वैष्णव, कमलेश पुरोहित, मंडल सदस्य भैरूलाल गाडरी, पवन तिवारी, किशन लाल आहीर, रामलाल गुर्जर, हरिराम गाडरी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रभा गौतम, प्रशासनिक अधिकारी शिवशंकर पारीक व राघव शर्मा सहित मंदिर मंडल सदस्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## आदर्श शिक्षा समिति ने उत्कृष्ट सेवा के लिए शिक्षकों को किया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**चाकसू (गिरिराज प्रसाद शर्मा)।** चाकसू आदर्श शिक्षा समिति जयपुर ने अपने अधिनस्थ संचालित आदर्श विद्या मंदिरों के सेवाभावी शिक्षकों को शिक्षक दिवस पर आयोजित एक सम्मान समारोह में सम्मानित किया है। चाकसू स्थित आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य सुमेर सिंह शेखावत एवं वरिष्ठ अध्यापक अर्जुन लाल बैरवा को जिला समिति द्वारा अपने दायित्व के प्रति समर्पित भाव एवं लगन से कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह के साथ शाल पहनाकर सम्मानित किया है। स्थानीय समिति के अध्यक्ष नारायणलाल शर्मा दूसरी व्यवस्थापक घनश्याम बाहेती सहित समिति सदस्यों ने सम्मानित शिक्षकों को बधाई दी है।

## दिव्यांगो को ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, श्रवण यंत्र वितरीत, गीतांजली हॉस्पिटल उदयपुर द्वारा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर

# क्षेत्रवासियों के स्नेह व सहयोग से मिलती है बेहतर कार्य करने की प्रेरणा - आक्या

### विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या के जन्म दिवस पर आयोजित हुए अनेक कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान





**चित्तौड़ग़ढ़ ( रेखा ख़ाबिया)।** चित्तौडग़ढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या का जन्म दिवस शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

जन्मदिवस के अवसर पर विधायक आक्या ने प्रातः मधुवन स्थित ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर व सेंती स्थित चमत्कारी सांवरियाजी मंदिर में दर्शन किये। गायत्री मंदिर में हवन, दुर्ग स्थित कालिका माता मंदिर में पूजा व हवन करने के बाद दुर्ग से उतरते हुए त्रिपोलिया हनुमानजी मंदिर में दर्शन कर एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया व गांधीनगर स्थित गौशाला में गायो को चारा खिलाया। अम्बेडकर सर्किल पर अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद एससी मोर्चा कार्यकर्ताओ द्वारा पुष्प वर्षा कर विधायक आक्या का स्वागत किया गया। उसके बाद विधायक आक्या लम्बे काफिले में रोड शो करते हुए महाराणा प्रताप सेतु मार्ग स्थित भरत बाग पहुचे जहां बड़ी संख्या में समर्थको, कार्यकर्ताओ ने बेण्ड बाजो की धुन पर पुष्पवर्षा व आतिशबाजी करते हुए विधायक आक्या को अपने कंधो पर उठा लिया। भरत बाग में सर्वप्रथम विधायक आक्या ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारीता विभाग द्वारा आयोजित निःशुल्क दिव्यांग उपकरण शिविर का उदघाटन कर दिव्यांगो को 11 ट्राईसाईकिल, 11 व्हील चेयर, 21 श्रवण यंत्र आदि वितरीत किये। शिविर में गीतांजली हॉस्पिटल उदयपुर द्वारा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का विधायक आक्या द्वारा उदघाटन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगो की भीड़ उमड़ी करीब सात से आठ हजार लोगो ने शिविर का लाभ लिया। निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर में डॉ. रोहिन सैनी, डॉ. अक्षय शर्मा, डॉ. संदीप मुंदड़ा, डॉ. तुषार त्यागी, डॉ. पार्थ, डॉ. जीगर पटेल, डॉ. पुजा, डॉ. कपिल, डॉ. दिपांशी अहारी, डॉ. रूपिंदर कौर, डॉ. कपिल व्यास, डॉ. आर्यन, डॉ. ममता मीणा, डॉ. भावना की टीम ने अपनी सेवाएं दी। भरत बाग में एक बड़े स्टेज पर दुर्ग स्थित कालिका माता मंदिर के महंत नारायण पुरी महाराज, बड़ी सादड़ी के गोपाल पुरषोत्तम आश्रम के संत सूदर्शनाचार्य महाराज, हजारेश्वर महादेव के महंत चंद्रभारती महाराज, यति महाराज, ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कविता दीदी, हर्षा दीदी, सुशीला देवी व विनायक भाई का विधायक आक्या द्वारा दण्डवत प्रणाम कर व उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर सीकेएसबी चेयरमेन लक्ष्मण सिंह खोर, भूमि विकास बैंक चेयरमेन बद्रीलाल जाट, पूर्व यूआईटी चेयरमेन सुरेश झंवर, पूर्व चेयरमेन सुशील शर्मा, करनलसिंह राठौड़, भरत जागेटिया, पूर्व प्रधान प्रवीण सिंह राठौड़, भदेसर प्रधान सुशीला कंवर, भंवरसिंह खरड़ीबावड़ी, अनिल ईनाणी, एडवोकेट ओमप्रकाश शर्मा,विभिन्न ग्राम पंचायतो के सरपंच, पूर्व पार्षद, पूर्व सरपंच, आदि उपस्थित थे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पीसीसी चीफ डोटासरा आज मूर्ति अनावरण समारोह में शामिल होंगे

**बढ़ता राजस्थान। भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा 7 सितंबर, रविवार को भुसावर उपखंड के सलेमपुर कला में शहीद सत्येंद्र सिंह चौधरी की मूर्ति अनावरण समारोह में शामिल होंगे। कांग्रेस संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि डोटासरा जयपुर से चलकर सीधे सलेमपुर (भुसावर) पहुंचेंगे। इससे पहले सुबह 10 बजे महुआ (मंडावर) में पुलिया के नीचे हिंडौन रोड पर, भरतपुर कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा के नेतृत्व में जिलेभर के कांग्रेसजन उनका भव्य स्वागत करेंगे।

### वरिष्ठ पत्रकार गोपाल राम पाठक को मातृशोक



**बढ़ता राजस्थान। भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय) ।** वेर विधानसभा मुख्यालय निवासी वरिष्ठ पत्रकार एवं सेवानिवृत्त भूअभिलेख निरीक्षक गोपाल राम पाठक की धर्मपत्नी श्रीमती सरिता देवी का 6 सितंबर 2025 को प्रदेश मुख्यालय जयपुर के एसएमएस चिकित्सालय में प्रात: निधन हो गया।श्रीमती सरिता देवी लंबे समय से बीमार चल रही थीं और उन्होंने अपने पीछे समर्पित परिवार छोड़ दिया। उनका अंतिम संस्कार कस्बा वेर में दोपहर 12.00 बजे संपन्न हुआ। इस दुखद अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों और पत्रकारिता जगत से जुड़े अनेक व्यक्तियों ने शोक व्यक्त किया और दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की।

### छह वर्षीय मासूम बालिका के साथ कुकृत्य का प्रयास

**बढ़ता राजस्थान। बाड़ी(राजू शर्मा)।** कोतवाली थाना क्षेत्र में एक 6 वर्षीय मासूम बालिका के कुकृत्य के प्रयास को लेकर पास्को एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। बालिका के परिजनों ने पुलिस को दी रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि उसकी 6 वर्षीय मासूम बालिका के साथ आरोपी ने कुकृत्य करने का प्रयास किया है। जिसकी जानकारी साथ गई छोटी बेटी ने उनको दी है। परिजनों द्वारा दी गई रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि शुक्रवार को दिन में चार बजे की घटना है। बालिका घर से ट्यूशन जाने के लिए निकली थी जिसके साथ उसकी छोटी बहन भी थी। मोहल्ले के ही आरोपी ने बालिका को एकांत में ले जाकर उसके साथ कुकृत्य का प्रयास किया। इस दौरान साथ गई छोटी बेटी ने घटना देख ली। पिता जब शाम को लौटे तो उनको जानकारी दी। जिस पर परिजनों ने आरोपियों के घर जाकर जब उनसे पूछने का प्रयास किया तो वे झगड़े पर उतारू हो गए। घटना को लेकर पीड़ित पिता ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी है। पुलिस ने मामला धारा 64(दो) बीएनएस और 5/6 पास्को एक्ट में दर्ज किया है। मामले की जांच सीओ महेंद्र कुमार को सौपी गई है।

### हथियापोर में दो शिक्षकों के घर चोरी, नकद और जेवरात ले उड़े चोर




**बढ़ता राजस्थान।** बाड़ी, (राजू शर्मा) । गुरुवार रात को हथियापोर मोहल्ले में चोरी की वारदात हुई, जिसमें दो किराएदार शिक्षकों के घर से नकद और जेवरात चोरी हो गए। दोनों शिक्षक परिवार सरमथुरा में महाकाल मेले में गए हुए थे, इसी दौरान चोरों ने उनके कमरों के ताले तोडक़र चोरी को अंजाम दिया। सुनील कुमार शर्मा के कमरे से चोरों ने 10 हजार रुपए नकद और ढाई सौ ग्राम चांदी के जेवरात चुरा लिए।भगवान दास मीणा के कमरे से अटैची में रखे सोने का पेंडल और चांदी की तोडिय़ा चोरी हुई। दोनों पीड़ितों ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की पहचान करने के प्रयास जारी हैं।

### डीडवाना की छात्राओं ने जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में मारी बाज़ी

**बढ़ता राजस्थान। राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** नाथद्वारा और देवगढ़ में चल रही 34वीं जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डीडवाना की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया और दोनों आयु वर्गों में फाइनल में प्रवेश कर सफलता हासिल की। नाथद्वारा के स्मार्ट स्टडी स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में 19 वर्षीय वर्ग की टीम ने सेमीफाइनल में राजकीय उमावि बस्सी को 43-10 से हराकर लगातार तीसरे वर्ष फाइनल में जगह बनाई। टीम ने शुरू से ही विरोधी पर दबाव बनाए रखा और शानदार जीत दर्ज की। देवगढ़ के महात्मा गांधी राजकीय शास्त्री नगर विद्यालय में आयोजित 14 वर्षीय वर्ग की टीम ने सेमीफाइनल में राजप्रावि सोलंकी दरवाजा देवगढ़ और सुभोध एंग्लो ऑरिएंटल स्कूल देवगढ़ को 26-32 से मात देकर फाइनल में प्रवेश किया।

# अधिक वर्षा के बीच हर आपात स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन तैयार

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल अध्यक्ष एवं जिला प्रभारी सचिव डॉ. रवि कुमार सुरपुर ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिले में वर्षा के दौरान उत्पन्न हुई स्थिति, अब तक की कार्यवाही, उपलब्ध संसाधन और समाधान पर चर्चा की गई।

बैठक में जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा, एसपी ममता गुप्ता, एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

डॉ. सुरपुर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी गांवों में सतर्कता बढ़ाएं, पुराने वर्षों के अनुभवों के आधार पर संभावित समस्या क्षेत्रों की पहचान करें और किसी भी आपात स्थिति पर तुरंत राहत पहुंचाने के लिए रात-दिन अलर्ट मोड में रहें। एसडीएम को अपने वाहनों में जीवन रक्षक संसाधन रखना अनिवार्य बताया गया।

उन्होंने गिरदावरी, पंच गौरव योजना और विभागवार समस्याओं पर भी समीक्षा की। किसानों के फसल नुकसान पर संवेदनशील दृष्टिकोण रखने, पशुपालन विभाग में दवाइयों और वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने, वन, उद्योग और उद्यानिकी विभागों के योजनाओं पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उद्यानिकी विभाग को एक जिला एक उपज के तहत सीताफल उत्पाद तैयार करने और व्यापक प्रचार-प्रसार की योजना बनाने का निर्देश दिया गया। साथ ही विद्युत विभाग, जलदाय विभाग, उद्योग विभाग आदि की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए।

जिला कलक्टर ने वर्षा की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। 1 जनवरी से अब तक जिले में 768 मिमी वर्षा हुई, जो दस साल के औसत 752 मिमी से अधिक है। गिरदावरी प्रगति के अनुसार कुल भूमि खसरे 13,90,137 में से 7,48,602 खसरों की गिरदावरी हो चुकी है (53.85त्न)।

अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि गांव चलो अभियान-2025 और शहर चलो अभियान-2025 को प्रभावी तरीके से संचालित करें।

## किसान संघ समितियों का प्रशिक्षण शिविर 13 सितंबर को



बढ़ता राजस्थान

**कामां/भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय) ।** भारतीय किसान संघ तहसील कामां और जुरहरा की सामूहिक बैठक सहजू खान नंबरदार बडक़ली की अध्यक्षता में बांदीपुर गौशाला पर आयोजित हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि यतेंद्र गुलपाडिय़ा और यादराम बांदीपुर रहे।

बैठक की शुरुआत भगवान बलराम और भारत माता के चित्र पर पूजा अर्चना से की गई। गोपाल सिंह सतवास ने बैठक का संचालन करते हुए सभी उपस्थित किसानों का परिचय कराया और बैठक के उद्देश्य को समझाया।

हुकम सिंह यादव ने सभी किसानों को 13 सितंबर, शनिवार 2025 को आयोजित होने वाले दोनों तहसीलों की ग्राम समितियों के प्रशिक्षण शिविर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिविर प्रातः 8:00 बजे से प्रारंभ होकर शाम 5:00 बजे तक चलेगा। इसमें प्रांत और संभाग से भी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

शिविर की व्यवस्थाओं और तैयारी पर चंद्र सिंह यादव और ज्ञान सिंह सतवास ने सुझाव दिए। वहीं, हंसराज सहेडा और श्याम सिंह (युवा प्रमुख, बांदीपुर) ने सभी ग्राम समितियों के सदस्यों को प्रशिक्षण शिविर में आने का आह्वान किया।

बैठक में क्षेत्र में जलभराव की समस्या और किसानों को खाद की किल्लत जैसे मुद्दों पर भी विचार विमर्श किया गया। गुलपाडिय़ा जी ने सभी किसान संघ के दायित्व एवं कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण शिविर में सक्रिय सहभागिता का संदेश दिया।

बैठक में विदुर जुर, हरी हम्मीर, ऐचवाड़ा बंसोयादव, पथवारी, सीताराम गंगाराम सतवास सहित अन्य किसान संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी को धन्यवाद देकर बैठक का समापन किया गया।

## नवोदय विद्यालय में शिक्षक दिवस समारोह

**बढ़ता राजस्थान। पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय पावटा में शुक्रवार को शिक्षक दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने भावपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर शिक्षकों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या संजू जोशी ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की। इसके बाद विद्यार्थियों ने तिलक लगाकर और चरण स्पर्श कर अपने शिक्षकों का सम्मान किया। सुबेसिंह गोठवाल ने बताया कि शिक्षक दिवस पर विशेष पहल के तहत कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को शिक्षकों की भूमिका निभाने का अवसर दिया गया। इस दौरान उन्होंने कक्षा संचालन व अनुशासन की जिम्मेदारी संभाली। प्राचार्या संजू जोशी ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र और समाज का भविष्य निर्माता होता है। उन्होंने शिक्षकों से अपने कार्य को निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ करने का आह्वान किया।

## झील और नदियों में उफान, 12 घंटे में जलस्तर 1 फीट बढ़ा



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिले में मूसलाधार बारिश के चलते राजसमंद झील, बाणास और गोमती नदी उफान पर हैं। पिछले 12 घंटों में राजसमंद झील का जलस्तर 23.20 फीट से बढक़र 24.10 फीट तक पहुंच गया है।

बाणास नदीः गड़बोर और कुंभलगढ़ क्षेत्र में 49 से 82 मिमी बारिश के बाद बाणास नदी के उद्गम स्थल वेरो का मठ से तेज बहाव शुरू हुआ। बाघेरी नाका बांध में ओवरफ्लो जलस्तर सवा तीन फीट तक पहुंच गया। नंदसमंद बांध के चारों गेट 4-4 फीट तक खोले गए, जिससे पानी रेलमगरा की ओर तेज रफ्तार से बह रहा है।

गोमती नदीः गड़बोर क्षेत्र में 82 मिमी बारिश के बाद गोमती नदी का बहाव और तेज हो गया। छापरखेडी पुलिया पर नदी लगभग 2 फीट के गेज पर बह रही है।

सडक़ और आवागमनः बाघेरी फतेहपुर मार्ग की पुलिया पर पानी फैलने से आवागमन प्रभावित हुआ है, लेकिन पुलिया पर अभी भी वाहनों की आवाजाही जारी है।

स्थितिः लगातार बारिश और नदियों में तेज आवक के कारण जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है और ग्रामीणों व लोगों से नदी-नाले के पास जाने से बचने की अपील की है।

## कायस्थ पाड़ा में नाले में पानी भरने से राहगीरों और किसानों की मुश्किलें बढ़ीं

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी(राजू शर्मा)।** कायस्थ पाड़ा स्थित कांसोटी खेड़ा रोड पर कब्रिस्तान के पास नाले में पानी भरने से स्थानीय लोगों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग मंदिर, खेतों और नई कॉलोनी के घरों को जोड़ता है, जिससे यहां रहने वाले लोग दैनिक आवागमन में असुविधा झेल रहे हैं। नाले में पानी का स्तर करीब तीन फीट तक पहुंच गया है। बुजुर्ग और छोटे बच्चे इस रास्ते से निकलने में असमर्थ हैं, जबकि युवा कमर तक पानी में से होकर ही अपने गंतव्य तक पहुंच पा रहे हैं। कुछ लोग ट्रैक्टर का उपयोग कर ही रास्ता पार कर रहे हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि रास्ते के पास कई किसानों के खेत और एक मंदिर भी स्थित है। नए तालाब का पानी नाले में आ रहा है, जिससे मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। ग्रामीणों ने उपखंड प्रशासन और नगर पालिका को कई बार समस्या से अवगत कराया और ज्ञापन भी सौंपा, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला।

## पेशी पर लाते समय हादसा: सिपाही संदीप शर्मा को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई

बढ़ता राजस्थान



**दौसा (राजू शर्मा)।** कुख्यात डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का को धौलपुर कोर्ट पेशी पर लाते समय हुई सडक़ दुर्घटना में मृत बस चालक और सिपाही संदीप शर्मा की पार्थिव देह को गुरुवार को चंबल किनारे स्थित मुक्तिधाम में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। मृतक सिपाही के बेटे ने शव को मुखाग्नि दी, जबकि उपस्थित लोगों ने सलामी दी और दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। पूरा मुक्तिधाम "जब तक सूरज चांद रहेगा, संदीप तेरा नाम रहेगा" के जयकारों से गूंजा।

हादसे में घायल हुए एक लाख के इनामी डकैत लुक्का को पेशी पर लाने वाली बस दौसा के निकट कालाखोह उम्मेद पैलेस के सामने खड़े ट्रक से टकरा गई थी। दुर्घटना में संदीप शर्मा सहित आठ लोग घायल हुए, जिनमें सिपाही संदीप की उपचार के दौरान मौत हो गई। लुक्का को बिना पेश किए वापस नागौर भेज दिया गया। इस घटना से संदीप की पत्नी राधा आहत हो गई और उसने आत्महत्या का प्रयास किया। उसने तेजाब पी लिया, जिसे अस्पताल में भर्ती कर हायर सेंटर रेफर किया गया। चिकित्सकों के अनुसार राधा की स्थिति स्थिर बनी हुई है। अंत्येष्टि समारोह में एसपी विकास सांगवान, सीओ सिटी मुनेश मीणा, एडिशनल एसपी मनोज शर्मा, कोतवाली थाना प्रभारी हरिनारायण मीणा समेत जिले के कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। परिजनों ने दुर्घटना में शहीद हुए संदीप को शहीद का दर्जा दिलाने की भी मांग रखी है।

**जीवन निर्माण से राष्ट्र निर्माण तक का मूल आधार शिक्षक**

## रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर ने 28 शिक्षकों को दिया नेशन बिल्डर अवॉर्ड

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर द्वारा आयोजित नेशन बिल्डर अवॉर्ड समारोह में 28 उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। यह भव्य आयोजन राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका को समर्पित रहा।

समारोह के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया ने कहा कि "शिक्षक व्यक्ति निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण आधार हैं। शिक्षा केवल किताबें पढ़ाना नहीं है, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाना है। बाहरी भौतिक सुखों और आंतरिक आनंद का अंतर समझाकर वास्तविक सुख का मार्ग दिखाने का काम केवल शिक्षक ही कर सकता है।" उन्होंने कहा कि आज के समय में शिक्षक की भूमिका किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों में विवेक और जीवन मूल्यों का संचार करना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. प्रदीप कुमावत ने कहा कि शिक्षक केवल गुरु नहीं, बल्कि जीवन का मार्ग दिखाने वाले और ईश्वर के साक्षात स्वरूप हैं। उन्होंने कहा, "जब कोई शिक्षक किसी बच्चे के मन में प्रेरणा का दीपक जलाता है, उसी दिन उसके जीवन का सच्चा अर्थ प्रकट होता है।"

कार्यक्रम का शुभारंभ रोटरी क्लब अध्यक्ष दीपक मेहता के स्वागत भाषण से हुआ। पूर्व प्रान्तपाल निर्मल कुणावत और सचिव विनीत दमानी ने भी शिक्षकों को सम्मानित करने में अपनी भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि का स्वागत निर्मल सिंघवी ने शॉल ओढ़ाकर और एन.के. गुप्ता ने उपरना ओढ़ाकर किया।

समारोह में शिक्षकों को एक विशेष पोडियम पर आमंत्रित कर क्रमशः सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के पदाधिकारी, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और शिक्षा जगत से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

इसी अवसर पर केंद्रीय कंपनी सेक्रेटरी की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर तिथि बोहरा को भी सम्मानित किया गया।



न्यूज ब्रीफ

## नगर पालिका में नवनिर्मित सभागार का वास्तु पूजन एवं हवन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)**। नगर पालिका परिसर में नवनिर्मित पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार एवं कार्यालय का वास्तु पूजन और हवन शनिवार को विधिविधान के साथ संपन्न हुआ। अधिशासी अधिकारी ललित सिंह देथा ने बताया कि अनंत चतुर्दशी के शुभ मुहूर्त पर विधायक अर्जुनलाल जीनगर, नगर पालिका अध्यक्ष मंजुदेवी सोनी एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया सहित गणमान्यजनों की उपस्थिति में पंडित राजू व्यास ने विधिपूर्वक पूजन एवं हवन करवाया। नगर पालिका परिसर में लंबे समय से नए भवन की आवश्यकता को देखते हुए पुराने सभागार का जीर्णोद्धार किया गया है। अब भूतल पर कार्यालय और प्रथम तल पर बोर्ड बैठकों के लिए आधुनिक सभागार का निर्माण पूरा हो चुका है। नगर पालिका अध्यक्ष मंजुदेवी सोनी ने बताया कि आगामी दशहरा मेले के अवसर पर बोर्ड बैठक के साथ इसका औपचारिक उद्घाटन किया जाएगा। कार्यक्रम में पार्षद अशोक विजयवर्गीय, मुकेश पलोड़, गोपाल पुर्बिया, वंदना स्वर्णकार, हीरालाल शर्मा, नंदकिशोर टेलर, विकास बारेगामा, मनीष बारेगामा, गौरव दाधीच, दिनेश सोनी, आशीष सोनी, चेतन बारेगामा, अरुण कोदली, भगवतीलाल आचार्य, विजयश्री सिरोया, खेमराज सिंह गुर्जर, गोपाल सुथार, रेखा देवी कोदली सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गुरलां बस स्टैंड पर ट्रेलर पलटा, ड्राइवर घायल - जनहानि नहीं



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)**। जिले के गुरलां बस स्टैंड पर शनिवार दोपहर हाईवे 758 पर उदयपुर से भीलवाड़ा जा रहा एक ट्रेलर असंतुलित होकर पलट गया। गनीमत रही कि हादसे के वक्त बस स्टैंड पर कोई मौजूद नहीं था और पास की चाय की दुकान भी दुर्घटना से बाल-बाल बच गई। हादसे की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने तुरंत टोल प्रबंधन को खबर दी। मौके पर हाईवे एम्बुलेंस और एस्कॉर्ट टीम पहुंची। गुरलां सरपंच ने भी तत्काल जेसीबी मशीन बुलवाकर बचाव कार्य शुरू करवाया। ट्रेलर के केबिन में फंसे चालक को निकालकर एम्बुलेंस से भीलवाड़ा अस्पताल भिजवाया गया। गंभीर हादसे के बावजूद किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

## दरगाह में सबीली गेट का नवनिर्माण, संग-ए-बुनियाद रखा गया



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर**। दरगाह ख्वाजा साहब में निर्माणाधीन सबीली गेट की आज संग-ए-बुनियाद रखी गई। इस अवसर पर अंजुमनों के पदाधिकारी, सज्जादानशीन साहब के ज्येष्ठ पुत्र सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती, हुजरा नंबर 114 एवं 115 के धारकगण और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। पुराना द्वार लगभग 7.7 फीट चौड़ा था, जिसे अब 13 फीट 6 इंच तक चौड़ा किया जाएगा। नया गेट जामा मस्जिद और अहाता-ए-नूर के दरवाज़ों की तर्ज पर बनाया जा रहा है, ताकि दरगाह की स्थापत्य शैली में एकरूपता बनी रहे। ईंटों को बुनियाद में रखते समय सूरा इख़लास की तिलावत की गई और मंसूबे की सफलता के लिए विशेष दुआ की गई। निर्माण में सहयोग सज्जादानशीन साहब द्वारा किया जा रहा है, जबकि सुपरविज़री और प्रशासनिक निगरानी कार्यालय नाज़िम द्वारा संभाली जा रही है। इस अवसर पर सैयद अब्दुल हक़, सैयद फज़्ले मोईन, सैयद मुईनुर्रहमान, सैयद पीर नफ़ीस मियां चिश्ती, सैयद जावेद हुसैन चिश्ती, सैयद अब्दुल रहमान, सैयद आतिफ किबरिया, सैयद एतमादउद्दीन चिश्ती, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय से अवर सचिव मोहम्मद नदीम, कार्यालय नाज़िम से डॉ. आदिल, माजिद ख़ान, सरफ़राज़, प्रवीण शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जयकारों और शोभायात्रा के साथ गणपति बप्पा को दी विदाई

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)**। अनंत चतुर्दशी पर कपासन नगर में प्रथम पूज्य श्री गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन धूमधाम और भक्तिभाव के साथ किया गया। गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आना जैसे जयकारों से गूंजते माहौल में भक्तों ने झूमते-नाचते हुए बप्पा को विदा किया।

दस दिवसीय गणेश उत्सव के दौरान नगर के विभिन्न स्थलों—जैसे लोड़किया चौक, आदर्श कॉलोनी, शिवशक्ति मार्ग, नंदवाना भवन, गौतम चौक, रेलवे स्टेशन मार्ग, खादी भंडार, खारी बावड़ी बालाजी, सुभाष चौक और अन्य क्षेत्रों में



श्रद्धालुओं ने गणपति प्रतिमाएं स्थापित कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, गरबा नृत्य और प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिनमें विजेताओं को सम्मानित भी किया गया।

अंतिम दिवस पर नगर के विभिन्न स्थलों से गणेश प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकाली गई। सभी प्रतिमाओं का संगम पांचबत्ती चौराहे पर हुआ, जहां से कतारबद्ध शोभायात्रा नगर के मुख्य बाजार मार्ग से होती हुई आगे बढ़ी। पुरुष, महिलाएं, युवा और बच्चे धार्मिक गीतों व भजनों पर झूमते-गाते रहे और भक्तिरस में डूबे रहे। शोभायात्रा के दौरान आकर्षक श्रृंगार किए गए गणपति प्रतिमाओं के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और प्रसाद का वितरण भी हुआ।

शोभायात्रा का समापन नगर के राज राजेश्वर बड़ा तालाब पर हुआ, जहां मंत्रोच्चार और विधिविधान के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। हालांकि तालाब में पर्याप्त जल नहीं होने के कारण कुछ प्रतिमाओं का विसर्जन आसपास के ग्राम्य क्षेत्रों के जल स्त्रोतों में किया गया।

इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में गणपति बप्पा मोरिया के जयकारे गूंजते रहे। पुलिस प्रशासन की सतर्कता और व्यवस्था के चलते विसर्जन शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

## सेवा कार्यों के साथ मनाया सांसद दामोदर अग्रवाल का जन्मदिन

बढ़ता राजस्थान

**जजावर (पदम शाह)**। भाजपा नैनवां ग्रामीण मंडल की ओर से क्षेत्रीय सांसद एवं प्रदेश भाजपा महामंत्री दामोदर अग्रवाल का जन्मदिन शुक्रवार को सेवा कार्यों के साथ मनाया गया।

मंडल अध्यक्ष राधाकिशन सैनी ने बताया कि इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने जजावर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इंडोर और आउटडोर मरीजों को फल वितरित किए तथा उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेकर शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इसके बाद पटवारघर और भू-अभिलेख कार्यालय परिसर में पौधरोपण कर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया। साथ ही लावारिस गौवंश को हरा चारा डालकर सेवा भाव प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष हेमराज नागर,



जिला परिषद सदस्य शक्ति सिंह आसावत, नैनवां नगर पालिका अध्यक्ष सरिता नागर और पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र नागर उपस्थित रहे। ग्रामीण मंडल की ओर से इनका स्वागत कर सांसद अग्रवाल की दीर्घायु और जनसेवा में उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर राशन डीलर संघ जिलाध्यक्ष मदन गुर्जर, चेयरमैन प्रतिनिधि महेंद्र नागर, पूर्व जिला परिषद सदस्य मायावती नागर, पंचायत समिति सदस्य रेशम सिंह मीणा, मंडल उपाध्यक्ष राजाराम मीणा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य मुकेश नागर, मंडल महामंत्री महेंद्र सेन, आशा सैनी, मुकुट बिहारी शर्मा, रामलाल कहार, रामदयाल जांगिड़, रामबिलास नागर, बूथ अध्यक्ष सोजीलाल नागर, आसाराम मीणा, रामस्वरूप मीणा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 7 सितंबर को होगी सनातन विचार गोष्ठी

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)**। स्थानीय रामद्वारा में चातुर्मास प्रवास कर रहे संत कीमतराम महाराज के सान्निध्य में रविवार, 7 सितंबर 2025 (भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा) को रात्रि 8 बजे सनातन विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस गोष्ठी में नगर के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि समाज और धर्म से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। मुख्य विषयों में नगर में सनातन समाज की वर्तमान स्थिति, धर्मावलंबियों की चुनौतियां, किशोर-किशोरियों के सामने बढ़ते खतरे और उनकी सुरक्षा, परिवारों में बुजुर्गों की समस्याएं एवं उनके समाधान, सामाजिक व धार्मिक एकता जैसे मुद्दे शामिल रहेंगे। कार्यक्रम में कीमतराम महाराज सहित आमंत्रित वक्ता अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

## मालेश्वर धाम मंदिर में भगवान शिव की श्रृंगार झांकी

## श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब



बढ़ता राजस्थान

**चौमूं ( दिनेश कुमार कमावत)**। सामोद के ग्राम म्हार कलां स्थित मालेश्वर धाम मंदिर में भादो के महीने के अंतिम दिन भगवान शिव की श्रृंगार झांकी सजाई गई। इस अवसर पर मंदिर पर श्रद्धालुओं का दिनभर तांता लगा रहा। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर परिवार की खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर के महंत महेश शर्मा ने बताया कि भादो मास के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने सहस्त्र घट एवं भगवान शिव का जलाभिषेक किया। दोपहर के समय भगवान शिव की श्रृंगार झांकी भी प्रस्तुत की गई। उन्होंने यह भी बताया कि रविवार से श्राद्ध पक्ष की शुरुआत हो रही है। वहीं, कुछ श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन झरने में भी किया।

## कैंसर अवेयरनेस वर्कशॉप, 200 लड़कियों को मिली जागरूकता

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/शाहपुरा। (अमित शर्मा)** समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय कर्मा बाई संस्था की जिला अध्यक्ष कमला चौधरी के नेतृत्व में कैंसर अवेयरनेस वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवतियों में कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना और समय रहते उपचार के महत्व को समझाना था।

वर्कशॉप में चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. जतिन चौधरी ने 200 लड़कियों को कैंसर से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैंसर के शुरुआती लक्षणों की पहचान और समय पर चिकित्सकीय परामर्श जीवन बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। साथ




ही संतुलित आहार, तनावमुक्त जीवन, नियमित जांच और स्वस्थ जीवनशैली को कैंसर से बचाव के मुख्य उपाय बताया। डॉ. चौधरी ने कैंसर से जुड़े मिथकों और गलत धारणाओं को भी दूर किया। जिला अध्यक्ष कमला चौधरी ने युवतियों से अपील की कि वे न केवल स्वयं जागरूक रहें, बल्कि परिवार और समाज को भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी सजगता शिक्षा जितनी ही जरूरी है।

कार्यक्रम में उदयपुर की सामाजिक कार्यकर्ता रंजीता चौधरी और डॉ. नीतू बेनीवाल भी मौजूद रहीं। रंजीता चौधरी ने युवतियों से संवाद करते हुए इस तरह के आयोजनों को सशक्त समाज निर्माण के लिए आवश्यक बताया। वहीं, डॉ. नीतू बेनीवाल ने नियमित स्वास्थ्य जांच की महत्ता पर जोर दिया।

अंत में उपस्थित लड़कियों ने डॉ. जतिन चौधरी से सवाल पूछकर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे आयोजन जारी रखने की मांग की। कार्यक्रम को युवतियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# संगठन की असली शक्ति हमारी एकजुटता

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा। (अमित शर्मा)** दक्षिणी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की स्नेह सरिता श्रृंखलाबद्ध बैठक एवं पिकनिक कार्यक्रम रविवार को विजयनगर स्थित किंग्स आइलैंड वाटर पार्क में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलन से किया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सीमा कोगटा ने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसकी एकजुटता है। यदि सभी बहनें संगठित होकर कार्य करेंगी तो समाज में निश्चित रूप से सकारात्मक बदलाव आएगा। उन्होंने संगठन की गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी।

अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के राष्ट्रीय अर्थमंत्री




राजकुमार काल्या मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने जोधपुर में होने वाले आगामी अधिवेशन की जानकारी साझा की और अधिक से अधिक पंजीयन कराने का आग्रह किया। इस अवसर पर काल्या परिवार का सम्मान भी किया गया तथा वाटर पार्क निःशुल्क उपलब्ध कराने पर आयोजकों ने आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के दौरान पिंकी शारडा एवं गायत्री गग्गड ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। संचालन श्रीमती दिव्या काल्या ने किया। राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य श्रीमती मनोरमा काल्या एवं हुरड़ा तहसील अध्यक्ष श्रीमती कांता सोमानी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। बैठक में पश्चिमांचल संयुक्त मंत्री श्रीमती शिखा भदादा ने सिद्धि संगम एवं अयोध्या यात्रा की जानकारी दी, वहीं निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष कुंतल तोषनीवाल ने भी अपने विचार साझा किए।

इस मौके पर गुलाबपुरा इकाई की ओर से नंद उत्सव भी आयोजित हुआ, जिसमें प्रिया काल्या, अंजली नवाल, ज्योति कास्ट, वंदना लढा, मधु सोमानी, मीनाक्षी राठी, मीना बाहेती, निशा हरकुट, निक्की सोमानी, उषा लढा सहित अन्य बहनों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

बैठक में प्रदेश सचिव डॉ. सुशीला असावा, नगर सचिव सरोज गग्गड, भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष प्रीति लोहिया, उदयपुर जिला अध्यक्ष मंजू गांधी, चित्तौड़ जिला अध्यक्ष कृष्णा समदानी, राजसमंद जिला अध्यक्ष प्रेम चेचाणी सहित विभिन्न जिलों एवं तहसीलों से पदाधिकारी एवं बहनों ने भाग लिया।

अंत में प्रदेश सचिव डॉ. सुशीला असावा एवं नगर सचिव सरोज गग्गड ने सभी का आभार व्यक्त किया। पिकनिक के दौरान उपस्थित बहनों ने खेल, नृत्य और मस्ती का भरपूर आनंद उठाया।

## न्यूज ब्रीफ

### पीएम मोदी संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च-स्तरीय सत्र में नहीं होंगे शामिल

बढ़ता राजस्थान

**संयुक्त राष्ट्र। (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने के अंत में होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें वार्षिक उच्च-स्तरीय सत्र में शामिल नहीं होंगे। संशोधित अनंतिम सूची के अनुसार भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री एस. जयशंकर करेंगे, जो 27 सितंबर को महासभा को संबोधित करेंगे। उच्च-स्तरीय सत्र 23 से 29 सितंबर तक चलेगा, जिसमें ब्राजील पहला और अमेरिका दूसरा वक्ता होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 23 सितंबर को अपने कार्यकाल का पहला यूएनजीए भाषण देंगे। इसके अलावा, जयशंकर 8 सितंबर को ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा की अध्यक्षता में होने वाले 'ब्रिक्स' वर्चुअल शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। बैठक का मुख्य एजेंडा ट्रंप प्रशासन की 'टैरिफ' नीतियों से उत्पन्न वैश्विक व्यापार चुनौतियों पर चर्चा करना है। सम्मेलन में ब्राजील, भारत, चीन, रूस, दक्षिण अफ्रीका समेत कुल 10 सदस्य देश शामिल होंगे।

### पावागढ़ शक्तिपीठ में रोपवे टूटा, छह लोगों की मौत

बढ़ता राजस्थान

**हलोल (गुजरात।** पंचमहाल जिले के प्रसिद्ध पावागढ़ महाकाली शक्तिपीठ मंदिर में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां सामान ढुलाई के लिए इस्तेमाल होने वाले गुड्स रोपवे का तार टूटने से ट्रॉली नीचे गिर गई, जिससे छह लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक (एसपी) हरेश दुधात ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतकों में दो लिफ्ट ऑपरेटर, दो मजदूर और अन्य दो लोग शामिल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है, जबकि मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं।

### मुंबई को दहलाने की धमकी देने का आरोपी अरेस्ट

बढ़ता राजस्थान

**नोएडा।** मुंबई पुलिस को कथित तौर पर धमकी भरा संदेश भेजने के आरोप में नोएडा के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी ने अपने खिलाफ मामला दर्ज कराने वाले व्यक्ति को फंसाने और उससे बदला लेने के लिए मुंबई पुलिस को संदेश भेजा कि 14 आतंकवादी 400 किलोग्राम आरडीएक्स लेकर मुंबई में घुस गए हैं। बिहार के पटना का रहने वाला आरोपी अश्विनी कुमार (51) पिछले पांच वर्ष से नोएडा के सेक्टर 79 में स्थित एक हाउसिंग सोसाइटी में रह रहा था। कुमार को मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया है।

### भारत हॉकी एशिया कप फाइनल में, चीन को 7-0 से हराया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने सुपर चार के आखिरी मैच में चीन को 7-0 से हराकर एशिया कप के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। अभिषेक ने 46वें और 50वें मिनट में गोल किए, जबकि शिलानंद लाकड़ा, दिलप्रीत सिंह, मनदीप सिंह, राजकुमार पाल और सुखजीत सिंह ने पहले गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित की। रविवार को फाइनल में भारत का सामना मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया से होगा। भारत सुपर चार तालिका में सात अंकों के साथ शीर्ष पर है। इस टूर्नामेंट की विजेता टीम अगले साल विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगी।

## भारत-अमेरिका रिश्तों पर ट्रंप का यू-टर्न, पीएम मोदी ने कहा... ट्रंप के विचारों की सराहना करता हूं

# मोदी शानदार प्रधानमंत्री, हमेशा रहेंगे मेरे दोस्तः ट्रंप

बढ़ता राजस्थान

**वाशिंगटन/नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के खिलाफ तीखा बयान देने के कुछ ही घंटों बाद रुख बदलते हुए कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध 'विशेष' हैं और चिंता की कोई बात नहीं है। शुक्रवार सुबह ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ' पर लिखा था 'लगता है कि हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। लेकिन शाम को व्हाइट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रंप ने यू-टर्न लेते हुए कहा 'मैं हमेशा मोदी का मित्र रहूंगा। वह शानदार प्रधानमंत्री हैं, हालांकि इस समय उनके कुछ कदम मुझे पसंद नहीं आ रहे। भारत और अमेरिका के बीच विशेष संबंध हैं, चिंता की कोई बात नहीं है। बस कभी-कभी ऐसे पल आ जाते हैं।' ट्रंप ने स्वीकार किया कि वह भारत के रूस से तेल खरीदने पर निराश हैं। उन्होंने कहा कि इसके चलते अमेरिका ने भारतीय सामानों पर 50% शुल्क लगाया है।



### यूक्रेन संकट और द्विपक्षीय रिश्तों पर जोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शनिवार को फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने यूक्रेन संघर्ष को जल्द समाप्त करने के प्रयासों पर विचार साझा किए और भारत-फ्रांस संबंधों का सकारात्मक मूल्यांकन किया। मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा 'राष्ट्रपति मैक्रों के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की प्रगति की समीक्षा की और उसका सकारात्मक आकलन किया।' उन्होंने जोड़ा कि भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी, वैश्विक शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो सका कि बातचीत में अमेरिका की टैरिफ नीति के मुद्दे पर कोई चर्चा हुई या नहीं।

### भारत और अमेरिका रिश्ते 'दूरदर्शी' : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणियों का स्वागत करते हुए कहा कि वह भारत-अमेरिका संबंधों पर उनकी 'सकारात्मक राय' की सराहना करते हैं और उसका पूरा समर्थन करते हैं। मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच साझेदारी सकारात्मक, दूरदर्शी, व्यापक और वैश्विक रणनीतिक है। हाल के महीनों में, अमेरिकी शुल्क और रूस से तेल आयात को लेकर दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा है। भारत ने इन शुल्कों को 'अनुचित और विवेकहीन' बताया है।

## डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने नारायणी माता धाम में दर्शन कर प्रदेश में सुख-समृद्धि की कामना की



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा शनिवार को अलवर जिले की टहला तहसील के ग्राम बलदेवगढ़ स्थित नारायणी धाम में अखिल भारतीय श्री नारायणी धाम प्रबंध एवं विकास महासभा समिति ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्री सेन जी महाराज के वार्षिक पद-यात्रा महोत्सव— 2025 में शामिल हुए और सेन समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने सपरिवार नारायणी माता धाम में जगत जननी नारायणी माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और प्रदेश में सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की मंगलकामना की।

डॉ. बैरवा ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान और संतजन की प्रेरणाओं पर चलकर 'निरामय और समृद्ध राजस्थान' के निर्माण हेतु संकल्पबद्ध है। विकसित भारत के लक्ष्य को मूर्त रूप प्रदान करने में हमारी युवा पीढ़ी की महती भूमिका है। उन्होंने कहा कि नारायणी माता धाम में देश के विभिन्न स्थानों से बडी संख्या में श्रृद्धालु आते हैं, ऐसे धार्मिक स्थल मनुष्य में सकारात्मकता की भावना पैदा करते हैं।

डॉ. बैरवा ने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि सामाजिक बदलाव लाने में शिक्षित बेटियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कोई भी समाज बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देकर ही सही मायने में उन्नति कर सकता है। वर्तमान समय में बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। हमें बेटियों को बेटों के समान अवसर प्रदान कर उनके सपनों को साकार करने में सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर अखिल भारतीय नारायणी धाम के अध्यक्ष श्री विनोद खरेल, श्री दुर्गादास करेड़ा, श्री हरिराम, श्री कन्हैयालाल सैन सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं आमजन मौजूद रहे।

### जोधपुर जिले के प्रभारी मंत्री ने की अतिवृष्टि राहत कार्यों की समीक्षा

## किसानों की गिरदावरी शीघ्र करने पर दिया विशेष जोर



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** शिक्षा मंत्री तथा जोधपुर जिले के प्रभारी मंत्री मदन दिलावर ने शनिवार को जोधपुर के मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर सभागार में आयोजित बैठक में अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों के हालात और राहत कार्यों की गहन समीक्षा की। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रभावित परिवारों को राहत पहुँचाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए प्रशासन को पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने आपदा के दौरान अपनी जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मुआवजा स्वीकृति की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में जिले में हुई मानसूनी वर्षा के आंकड़े, प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य, स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता तथा भवन मरम्मत प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रभारी मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि जलभराव की स्थिति को देखते हुए संभावित बीमारियों की रोकथाम के लिए शिविर आयोजित कर उपचार उपलब्ध कराएं और फॉगिंग करवाना सुनिश्चित करें। किसानों की समस्याओं को समझते हुए दिलावर ने फसल खराबे पर विशेष जोर दिया। उन्होंने राजस्व और कृषि विभाग को निर्देशित किया कि गिरदावरी का कार्य पारदर्शिता और तेजी से पूरा कर किसानों को मुआवजा और फसल बीमा का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि "किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है।"

### गणपति बप्पा को विदाई देने उमड़े श्रद्धालु



**मुंबई।** मुंबई समेत देशभर में 10 दिवसीय गणपति उत्सव के अंतिम दिन शनिवार को अनंत चतुर्दशी पर भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। मुंबई में बारिश के बीच गणपति विसर्जन के लिए लोग ढोल-ताशे के साथ और गुलाल उड़ाते हुए सड़कों पर उमड़ पड़े। पुणे, हैदराबाद समेत देश के विभिन्न शहरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान गणपति को श्रद्धा के साथ विदाई दी। हैदराबाद में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी भगवान गणेश की मूर्तियों के विसर्जन को देखने के लिए हुसैन सागर झील पहुंचे।

### विधानसभा अध्यक्ष ने अजमेर में किया विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने शनिवार को अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति प्रदान करते हुए दो महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने बस स्टेण्ड से सीआरपीएफ ब्रिज तक सड़क के पुनर्निर्माण कार्य का लोकार्पण किया तथा मिशन कम्पाउण्ड की विभिन्न गलियों में सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

### वित्त मंत्री सीतारमण ने विपक्ष की आलोचना को किया खारिज, कहा...

# जीएसटी में सुधार से खपत बढ़ेगी अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली(एजेंसी)** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि जीएसटी में व्यापक बदलाव लोगों के लिए सुधार है और इस कदम से देश के हर परिवार को लाभ होगा। खपत को बढ़ावा मिलेगा और कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। इसके साथ ही उन्होंने जीएसटी सुधारों को लेकर मोदी सरकार की आलोचना को गलत जानकारी पर आधारित करार दिया।

सीतारमण ने दिए साक्षात्कार में कहा कि हम दरों में कटौती का लाभ आम लोगों को देने के लिए उद्योगों से बातचीत कर रहे हैं और उनका रुख सकारात्मक है। कई कंपनियों ने दाम में कटौती की घोषणा भी की है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं 22 सितंबर से इस बात पर विशेष नजर रखेंगी कि दरों में कटौती का लाभ लोगों को मिले। ज्ञात रहे कि जीएसटी की दरों में कटौती 22 सितंबर से ही लागू होगी। उन्होंने कहा कि जीएसटी में व्यापक बदलाव से देश के 140 करोड़ लोगों पर सकारात्मक असर होगा। सीतारमण ने यह भी कहा कि यह केवल दर में कटौती का मामला नहीं है बल्कि कंपनियों के लिए भी चीजें आसान होंगी। चाहे रिफंड का मामला हो या फिर अनुपालन का या पंजीकरण का, उनके लिए चीजें और सुगम होंगी। एक बार यह प्रक्रिया पूरी हो जाने पर, 90 प्रतिशत रिफंड स्वतः ही निश्चित समय के भीतर क्लियर हो जाएंगे। साथ ही तीन दिनों के भीतर कंपनियां सफलतापूर्वक अपना पंजीकरण करा सकेंगी।

### राशन व चिकित्सा बिलों में आएगी कमी

वित्तमंत्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि आज लोग 100 रुपए में जो चीजें खरीद रहे हैं, उतने ही पैसे में वे अब वस्तु का ज्यादा हिस्सा खरीद सकते हैं। इसलिए दरों में इस कमी से मासिक घरेलू राशन और चिकित्सा बिलों में कमी आएगी। साथ ही यह पुरानी कार की जगह नई कार लेने, रेफ्रिजरेटर या वॉशिंग मशीन जैसी पुरानी वस्तुओं की जगह नई चीजें खरीदने जैसी आकांक्षाओं को भी पूरा करने में मददगार होगी।

### देश को बेहतर विपक्षी नेताओं की जरूरत

सीतारमण ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी दल ने जीएसटी लागू किए जाने के समय चार कर दर रखने के लिए भाजपा नीत राजग सरकार को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने कहा कि चार कर दर रखने का फैसला भाजपा का नहीं था और न ही ऐसा था कि तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली अलग-अलग कर दर या किसी खास वस्तु पर जीएसटी दर तय कर रहे थे। कांग्रेस शासित राज्यों के मंत्री भी इस फैसले में शामिल थे। उन्होंने सवाल किया, क्या विपक्ष को इसकी जानकारी नहीं है? उन्होंने कहा कि भारत को बेहतर विपक्षी दल और बेहतर विपक्षी नेताओं की जरूरत है। विपक्ष गलत साबित कर दे तो माफी मांगने को तैयारः वित्त मंत्री ने कहा कि अगर विपक्षी नेता तथ्य पेश कर उन्हें गलत साबित कर दें, तो उन्हें माफी मांगने में कोई हिचकिचाहट नहीं होगी। मुझे कोई अहम नहीं है। मैं लोगों से माफी मांगने के लिए भी तैयार हूं। लेकिन वे जो कह रहे हैं, वह बकवास है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बहता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड खण्डवा, निवाई टोंक (राज.) से मुदित एवं 185/ 116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888, जयपुर फोन नं. 0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास ई, टोंक मो.नं. 9414823448 अलवर कार्यालय मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर मो.नं. 7733000123, कोटा कार्यालय छावनी मेन रोड, कोटा मो.नं. 7023350734। ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com "पीआरवी एक्ट के तहत समाचार चवन के लिए जिम्मेदार